08 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 20

क्रिकेटर शमी की पत्नी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा: क्या हर माह 4 लाख काफी नहीं



Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### घाटशिला उपचुनाव: मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना

# खाया-पिया झामुमो का, खेत जोत रहा भाजपा का : हेमंत

**झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन को जिताने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को घाटशिला उपचुनाव के लिए जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने नरसिंहगढ़ हाट मैदान से झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के लिए लोगों से वोट मांगा। उन्होंने दिवंगत स्व. रामदास सोरेन को याद करते हुए कहा कि सोमेश सोरेन को तीर-धनुष छाप पर वोट देकर स्व. रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा और उसके प्रत्याशी पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी ने खाया-पीया झामुमो का, झामुमो में मोटा भी गया और अभी खेत जोत रहा है भाजपा का। उनकी चाल-ढाल से आप सभी परिचित हैं। झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन को मृदुभाषी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमेश को आप सब भारी मतों से जिताइये। ये अपने पिता स्व. रामदास सोरेन के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे।

**यह अबुआ सरकार है:** मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार द्वारा किये गये जनहित के कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह अबुआ सरकार है। झारखंड के उद्योगों में 75 फीसदी स्थानीय युवा-युवतियों को रोजगार मुहैया करवाया जायेगा। महिलाओ के उत्थान के लिए ढाई हजार रुपये दिया जा रहा। बिजली बिल माफ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत ने मतदाताओं से आग्रह किया कि 11 तारीख को क्रम संख्या- 2 पर बटन दबाकर झामुमो उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन को विजयी बनायें।



### धन-बल वालों से रहें सावधान : मुख्यमंत्री

हेमंत सोरेन ने लोगों का आह्वान किया कि अब उपचुनाव आखिरी पढ़ाव पर है। धन बल और छल बल वाले लोग वोट मांगने के लिए आयेंगे। उनसे सावधान रहें। उन्हें भगाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में शहीद होने वालों के बच्चे अब बड़े और मजबूत कंधा वाले बन चुके हैं। ये झारखंड की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंडियों की आदत है, हां तो हां और ना तो ना। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स बढ़ा कर महंगाई बढ़ा दिया है। आम आदमी के दैनिक उपयोग के हर सामान पर टैक्स कगाकर महंगा कर दिया है। केंद्र सरकार से आम आदमी परेशान है।

# स्कूल-अस्पताल से आवारा कुत्ते हटायें : सुप्रीम कोर्ट

- जहां से पकड़ें, नसबंदी के बाद वहीं न छोड़ें
- हाइवे से आवारा जानवर भी हटायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल-कॉलेज और अस्पतालों में बाड़ लगाये जायें, ताकि कुत्ते वहां न पहुंच सकें। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गये आवारा कुत्तों को उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जायेगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। उन्हें शेल्टर होम में रखा जायेगा। कोर्ट ने सभी नेशनल और स्टेट हाइवे से आवारा पशु हटाने का आदेश भी दिया। सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन आदेशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है। इस मामले में तीन हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा मांगा गया है। अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी।

**राजस्थान हाइकोर्ट ने तीन महीने पहले यही आदेश दिया:** राजस्थान हाइकोर्ट ने तीन महीने पहले सरकारी एजेंसियों को सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने का आदेश दिया था। कार्रवाई को प्रभावित करने वालों के खिलाफ एफआइआर के आदेश भी दिये थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान हाइकोर्ट का फैसला पूरे देश में लागू होगा।



### सुप्रीम कोर्ट के मुख्य आदेश

- सभी नेशनल हाइवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर लगाने होंगे।
- सभी राज्यों के मुख्य सचिव निर्देशों का सख्ती से पालन करायेंगे। स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा तीन हफ्ते में दायर किया जाये।
- राज्य सरकारें और यूटी प्रशासन दो हफ्ते में ऐसे सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेज, अस्पतालों की पहचान करेंगे, जहां आवारा जानवर और कुत्ते घूमते हैं। उनकी एंट्री रोकने के लिए बाड़ लगाये जायेंगे।
- कैंपस और बाड़ के रखरखाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होगा। नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत तीन महीने में कम से कम एक बार इन कैंपस की जांच करें।
- पकड़े गये आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जायेगा, जहां से उन्हें उठाया गया था।

# तदाशा मिश्रा ने संभाला डीजीपी का पदभार, मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीजीपी के तौर पर तदाशा मिश्रा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। डीजीपी का प्रभार लेने के बाद तदाशा मिश्रा मुख्यमंत्री आवास पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी शिष्टाचार मुलाकात की। इससे पहले पुलिस मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद तदाशा मिश्रा ने कहा कि जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने के साथ-साथ पुलिस को संवेदनशील रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधों पर नियंत्रण रखना तथा समाज में शांति और विश्वास बनाए रखने, महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की है। उन्होंने साईबर, संगठित अपराध, नक्सलवाद की रोकथाम के लिए बेसिक/कोर पुलिसिंग पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। 1994 बैच की आइपीएस तदाशा मिश्रा संयुक्त बिहार में मधेपुरा (बिहार) एवं झारखंड राज्य में रांची सिटी व रांची ग्रामीण एसपी, सीआईडी, बोकारो, गिरिडीह जिले में एसपी, जैप वन व टू समादेष्टा समेत कई पदों पर काम कर चुकी हैं।



# बड़कागांव में महापंचायत : एक इंच भी जमीन किसी कंपनी को नहीं देने का लिया गया संकल्प

**सरकार आयेगी-जायेगी, जनता जो चाहेगी वही होगा: रोशन लाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** जल, जंगल और जमीन को बचाने को लेकर बड़कागांव के हरली पंचायत स्थित बाजार टांड़ में एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू, एनएमडीसी सहित अन्य कोल कंपनियों के खिलाफ महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों गांव के लोग शामलि हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से विकास कुमार महतो उर्फ विनय महतो, त्रिवेणी महतो, मिथिलेश कुमार, गोविंद महतो और चूरामन गोप ने किया। जबकि संचालन पूर्व मुखिया सह पूर्वी मंडल के सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो एवं पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने संयुक्त रूप से किया। महापंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि भारतीय संविधान में वर्णन है कि किसी के इच्छा के विरुद्ध जमीन नहीं ली जा सकती है। बहु फसलीय जमीन में कोई कल कारखाने नहीं खुल सकते हैं। यह लड़ाई गैर राजनीतिक है। विधानसभा में मेरे आवाज उठाने के बाद सरकार को विस्थापन आयोग का गठन करना पड़ा, लेकिन यह आयोग सुस्त है जब तक यह आयोग सशक्त नहीं होगी तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इसके लिए मैं 24 घंटे आपके साथ हूं। राजनीति से ऊपर उठकर यह लड़ाई लड़ने को तैयार हूं। आपने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपा है, मैं उसके लिए सड़क से लेकर सदन तक आपकी बातों को रखने के लिए तैयार हूं। सरकार आयेगी, जायेगी, लेकिन जनता तो चाहती है वही होगा।



### जमीन बचाने के लिए हर स्तर पर लड़ रही: अंबा प्रसाद

पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लूट-खसोट में जुटी है। राज्य में कांग्रेस गठबंधन की सरकार है, इसके बावजूद भी मैं जमीन बचाने के लिए राज्य सरकार को घोषणा नहीं भूलती हूं। विस्थापितों एवं जमीन को बचाने के लिए आंदोलन के साथ-साथ कागज-कलम से भी लड़ रही हूं। यहां की समस्या को लेकर मैं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी अवगत कराकर बड़कागांव की धरती में उतरूंगी। कांग्रेस पार्टी की लड़ाई से ही आजादी मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी की दलाली करने वालों की आज स्थिति खराब है। आज वे न घर के, न घाट के रह गये हैं।

### सरकार कानून बना कर भी कानून नहीं मान रही: राणा

पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कहा कि भारत सरकार कानून बनाकर भी कानून को नहीं मान रही है। किसानों के साथ खिलवाड़ कर रही है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि एनटीपीसी ग्रामीणों को ठगने का काम की है। उन्होंने विस्थापन का दर्द बताते हुए कहा कि हटिया में राजधानी बनाया गया है। वहां सभी मंत्री विधायक बैठते हैं। लेकिन वहां के विस्थापित कहां गये, इसकी किसी को जानकारी नहीं है।

# बिहार को नहीं चाहिए कट्टा सरकार: मोदी

**प्रधानमंत्री औरंगाबाद में राजद और कांग्रेस पर गरजे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को औरंगाबाद में देव मोड़ के पास चुनावी सभा में अपनी और नीतीश की गारंटी पर जनता से वोट मांगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस उत्साह से मतदान किया गया है, उसका परिणाम हुआ है कि मतदान प्रतिशत बढ़ने के अब तक के सभी रिकॉर्ड टूट गये हैं। यह एनडीए की वापसी का संकेत है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नीतीश-मोदी की गारंटी का चुनाव है और बिहार के विकास की दिशा में डबल इंजन सरकार की रफ्तार देने का है और जनता ने इसकी मंजूरी दे भी दी है। प्रधानमंत्री ने अपने करीब 38 मिनट के भाषण में कांग्रेस और राजद पर खूब हमला बोला। राजद की सरकार को जंगलराज, कट्टा, रंगदारी और फिरौती वाला बताया। उन्होंने कहा कि राजद के लोग युवाओं को नौकरी देने की बजाये अभी से रंगदार बनाने में लग गये हैं। कट्टा, दोनाली, फिरौती, रंगदारी की पढ़ाई पढ़ाने लगे हैं।

**भैया की सरकार आयेगी तो कट्टा चलेगा:** नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर तंज कसा।` । उन्होंने राजद और महागठबंधन की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये अभी से बच्चों को रंगदार बनाने की बात कर रहे हैं। ये खुलेआम घोषणा कर रहे हैं कि भैया की सरकार आयेगी तो कट्टा, दोनाली, फिरौती, रंगदारी, यही सब चलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार को कट्टा सरकार नहीं चाहिये। बिहार को कुशासन सरकार नहीं चाहिये। बिहार को भाजपा-एनडीए पर भरोसा है। क्योंकि एनडीए ने बिहार को जंगलराज से बाहर निकाला। बिहार को विश्वास है कि एनडीए ही बिहार को विकसित बनाकर रहेगा। इसलिए बिहार एनडीए के ईमानदार संकल्प पत्र पर भरोसा करता है।

**महागठबंधन विकास विरोधी:** मोदी ने कहा कि वे जो वादे करते हैं, गारंटी देते हैं उसे पूरी करते हैं। जनता के बीच केंद्र व राज्य की डबल इंजन वाली सरकार की उपलब्धियां और विकास को बताया। सड़कों, पुलों, अस्पतालों, रेलवे, कालेजों और सिंचाई परियोजनाओं के हुए कार्य और हो रहे कार्य को जनता के बीच रखा। कांग्रेस और राजद की सरकार को बिहार और विकास विरोधी बताया। प्रधानमंत्री ने मगध के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों देव सूर्य मंदिर, मदनपुर की उमगेश्वरी माता मंदिर और गयाजी की चर्चा की। जिले के महान स्वतंत्रता सेनानियों अनुग्रह नारायण सिंह और जगपति बाबू को नमन किया।

### जो अपनों को धोखा देते हैं, वे किसके सगे



प्रधानमंत्री ने महागठबंधन में फूट का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी राजद ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तक को अपमानित किया। राजद ने कांग्रेस को वही सीटें दीं, जहां से वो 35-40 साल से नहीं जीत पायी। इतना ही नहीं कांग्रेस की कनपट्टी पर कट्टा रखकर राजद ने मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी भी चोरी कर ली। आज भी अनेकों सीटों पर राजद-कांग्रेस आमने सामने है। जो अपने साथियों को धोखा दे सकते हैं, वो किसी के सगे नहीं हो सकते हैं।

# अमित शाह ने बिहार को मजदूर बना दिया: राहुल

**भागलपुर की चुनावी जनसभा में केंद्र और नीतीश सरकार पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर /बांका।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को भागलपुर और बांका में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमित शाह और उनके बेटे जय शाह पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि इस देश में बस आजकल बस 50-60 लोग सपना देख सकते हैं। अंबानी का बेटा, अडाणी का बेटा, अमित शाह का बेटा। अमित शाह के बेटे को बल्ला पकड़ना नहीं आता। एक रन नहीं ले सकता। उसने पूरी क्रिकेट टीम संभाल रखी है। हम चाहते हैं क्रिकेट को क्रिकेट टीम चलाये।

**बिहार के युवाओं को मजदूर बना दिया:** राहुल गांधी ने कि नीतीश कुमार, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने बिहार को हिंदुस्तान का मजदूर बना दिया है। पुल, सड़क, टनल, हाइवे आप लोग बनाते हो। आप पूरे देश में मजदूरी करते हो, लेकिन आपको बिहार में नौकरी नहीं मिलती। यहां से रोजगार को मिटा दिया गया है। बिहार से रोजगार इसलिए मिटाया गया है, क्यों कि अडाणी-अंबानी जैसे लोग चाइना का माल हिंदुस्तान में बेचना चाहते हैं। वो आपको मजदूरी करते हुए देखना चाहते हैं। जब चाइना का माल हिंदुस्तान में बिकता है, तो फायदा किसे होता है। चाइना के फैक्ट्री मालिकों को होता है। अडाणी-अंबानी को होता है। हम चाहते हैं बिहार का युवा अपने फोन पर देखे मेड इन बिहार।

**भाजपा नेता दो-दो जगह वोट डालते हैं:** इससे पहले राहुल गांधी ने बांका में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता एक तरफ यूपी में वोट डालते हैं, दूसरी तरफ हरियाणा में वोट करते हैं। हरियाणा का चुनाव मोदी और शाह ने चोरी किया है। चुनाव आयोग और भाजपा के नेता मेरे बयान पर कुछ नहीं बोल रहे हैं, उसे नकार नहीं पा रहे हैं। कल पता चला भाजपा नेताओं ने बिहार में वोट किया। उन लोगों ने दिल्ली में भी वोट किया था। कांग्रेस पार्टी को वोट देने वाले लोगों के इन लोगों ने नाम काट दिये। भाजपा इसी प्लान को हर राज्य में लागू करती है। मध्यप्रदेश में किया, छत्तीसगढ़ में किया हरियाणा में किया। अब ये बिहार में भी यही कर रहे हैं। मैं गारंटी दे रहा हूं जो इन लोगों ने हरियाणा में किया, वो ये बिहार में भी करेंगे। ये बिहार की जनता को नहीं जानते हैं। बिहार की जनता बूथ पर खड़े होकर वोट चोरी रोकेगी।

### आपकी जेब का पैसा भाजपा तक पहुंच रहा



राहुल ने कहा कि अडाणी-अंबानी मोदी के चेहरे का इस्तेमाल करते हैं। मोदी जी इनकी मदद करते हैं। आपकी जमीनें इन लोगों को देते हैं। भाजपा के पास बहुत पैसा है। मोदी का चेहरा दिनभर टीवी पर चलता है। पैसा अडाणी-अंबानी जी से। उनके पास पैसे कहां से आता है, आपकी जेब से।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में फिर महिला मतदाताओं ने कर दिया 'खेल'

- पहले चरण में रिकॉर्डतोड़ वोटिंग से एनडीए उत्साहित
- ग्रामीण इलाकों में अधिक मतदान से महागठबंधन दे रहा अपना तर्क
- सत्ता उसी की, जिसके साथ होगा महिलाओं का समर्थन
- 'बदलाव बनाम स्थिरता' की जंग में ग्रामीण वोट निर्णायक साबित होंगे

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार चुनाव में इस बार 75 साल का रिकॉर्ड टूट गया। वोटरों ने मतदान का नया इतिहास रच दिया। विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 121 सीटों पर चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक का सबसे अधिक 64.66% वोटर टर्नआउट रहा। बिहार के इतिहास में किसी भी चुनाव में इतनी वोटिंग नहीं हुई थी। जाहिर है कि इस रिकॉर्डतोड़ वोटिंग के सियासी मायने भी हैं। एक तरफ जहां बिहार बंपर वोटिंग से सत्ताधारी एनडीए गठबंधन उत्साहित है। क्योंकि इस चुनाव में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया है। बिहार में आमतौर पर महिला मतदाताओं का रुझान एनडीए के साथ पाया गया है। ऊपर से एनडीए की 10 हजारी योजना का भी असर इस चुनाव में देखने को मिल सकता है। 2015 और 2020 के चुनाव में महिलाओं ने एकतरफा नीतीश कुमार के पक्ष में मतदान किया था, जो इस बार भी दोहराया गया है। हालांकि कुछ चुनावी जानकार कहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान का मतलब बदलाव का संकेत और एंटी इंकमबेंसी भी हो सकता है, क्योंकि गांवों में राजनीतिक चेतना मुद्दों के आधार पर तय होती है और बिहार जैसे राज्य में गांवों में आज भी राजनीति को पुरुषों का मामला ही माना जाता है। लेकिन दूसरी तरफ एनडीए की जो कल्याणकारी योजनाएं हैं उसका असर महिलाओं पर दिख रहा है। यह भी मुमकिन है कि इस बार भी महिलाओं का साथ एनडीए को मिले। पहले चरण की बंपर वोटिंग से सत्ताधारी एनडीए के पक्ष में एक साइलेंट लहर का संकेत तो मिल ही रहा है। हालांकि इस बारे में निश्चित तौर पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना तय है कि बिहार विधानसभा का चुनाव इस बार कई मायनों में अनोखा रहा है। क्या है बिहार के पहले चरण के रिकॉर्डतोड़ मतदान के मायने, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


राकेश सिंह
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। 18 जिलों (पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, भोजपुर आदि) की 121 सीटों पर कुल 7.4 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 64.66% ने वोट डाले, जो बिहार के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। यह 2000 के चुनावों के 62.57% के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ता है। इस बंपर वोटिंग की गहराई से पड़ताल करने पर कई चौंकानेवाली बातें सामने आती हैं। गहराई से पड़ताल के मतलब मतदान के आंकड़ों, क्षेत्रीय भिन्नताओं, राजनीतिक निहितार्थ और प्रभावशाली कारकों के आधार पर वोटिंग के ट्रेंड का विश्लेषण।

## एनडीए की 10 हजार स्कीम का जलवा

बिहार में पहले चरण की 121 सीटों पर जिस तरह से बंपर वोटिंग हुई है, उससे कई समीकरण बन और बिगड़ सकते हैं। 2020 की तुलना में इस बार वोटरों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला है। आमतौर पर ज्यादा वोटिंग का मतलब सत्ता विरोधी लहर से जोड़ा जाता रहा है, लेकिन हर बार नहीं। इस बार बिहार में मामला भी थोड़ा अलग है। सवाल यह है कि क्या 10 हजार वाली स्कीम काम कर रही है और महिलाएं जोश के साथ पोलिंग बूथ तक पहुंच रही हैं। शहरी वोटरों को इन योजनाओं से कोई मतलब होता नहीं। ग्रामीण महिलाओं के लिए यह योजना जीवन को मजबूत आधार देने जैसा है। इसलिए ग्रामीण महिलाओं ने इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

## मतदान के प्रमुख आंकड़े और रुझान

बिहार की 121 सीटों पर कुल मतदान 64.66% (लगभग 4.78 करोड़ वोट) हुआ। सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक हुई वोटिंग के दौरान पांच बजे तक मतदान का प्रतिशत 60.13% था, जो अंतिम घंटों में बढ़ा। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32% और शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग हुई। लेकिन अगर पहले चरण के मंत्रियों की सीटों पर बात की जाये, तो सबसे ज्यादा कल्याणपुर में 71. 62% और सबसे कम बांकीपुर 40.00% में मतदान हुआ। पहले चरण में 16 मंत्रियों की सीटों पर भी मतदान हुआ है। इसमें 15 सीटें ऐसी हैं, जहां पिछली बार के मुकाबले ज्यादा मतदान हुआ। एक मात्र सीट कुढ़नी ऐसी रही, जहां 2020 के चुनाव से कम वोट पड़े। इन 15 सीटों पर ज्यादा मतदान को दोनों पक्ष अपने-अपने फायदे में बता रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि जनता सरकार के कामों से खुश है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। डिप्टी सीएम और तारापुर से भाजपा प्रत्याशी सम्राट चौधरी के अनुसार पहले चरण के बाद एनडीए 121 में से करीब 100 सीटों पर जीत रही है और यह परिणाम 2010 के रिकॉर्ड को तोड़ने वाला होगा।



## महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक

पहले चरण की वोटिंग में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही (कुल 3.75 करोड़ मतदाताः 1.98 करोड़ पुरुष, 1.76 करोड़ महिला)। कई बूथों पर महिलाओं की लंबी कतारें देखी गयीं, जो नीतीश कुमार सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं (जैसे 50% आरक्षण) का असर माना जा रहा है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि बिहार के गांवों में अब वयस्क पुरुष बहुत कम हैं, क्योंकि सभी कमान के लिए परदेस गये हुए हैं। महिलाएं गांव में हैं, तो वही वोट कर रही हैं। लेकिन यह दलील केवल आत्मसंतुष्टि के लिए है।

## शहरी क्षेत्र में अधिक मतदान

पहले चरण में बेगूसराय (67.32%) में सबसे अधिक उत्साह देखा गया और ग्रामीण इलाकों में जोश दिखा। मुंगेर और सारण जैसे जिलों में भी 65% से ऊपर मतदान हुआ। लेकिन शेखपुरा (52.36%) और पटना जिले (औसत 50.5%) में सबसे कम वोट पड़े, खासकर शहरी क्षेत्रों में। पटना की 14 सीटों पर शहरी मतदाताओं की उदासीनता (ट्रैफिक, सुरक्षा चिंताएं) कारण रहीं। इससे यह बात एक बार फिर प्रमाणित हुई कि राजनीतिक चेतना और मतदान करने के मामले में शहरी मतदाताओं से अधिक जागरूक ग्रामीण मतदाता हैं।

## शांतिपूर्ण रहा मतदान

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की एक और खास बात यह रही कि छिटपुट घटनाओं को छोड़ कर कहीं कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इवीएम सीलिंग के वीडियो वायरल हुए, जो पारदर्शिता का संकेत हैं। चुनाव आयोग की चाक-चौबंद व्यवस्था और प्रशासनिक चुस्ती ने चुनाव प्रक्रिया को साथ-सुथरा और निष्पक्ष बनाये रखा, जो वाकई प्रशंसनीय है। यह रिकॉर्ड वोटिंग लोकतंत्र की मजबूती दिखाती है, लेकिन शहरी-ग्रामीण असमानता विकास मॉडल पर सवाल उठाती है।

## बंपर वोटिंग के राजनीतिक निहितार्थ

अब सवाल है कि बिहार में बंपर वोटिंग के राजनीतिक निहितार्थ क्या हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि रिकॉर्डतोड़ मतदान नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्थिरता का संदेश देता है। उच्च महिला मतदान एनडीए के पक्ष में माना जा सकता है, क्योंकि उनके कल्याणकारी कार्यक्रम (शराबबंदी, शिक्षा) ग्रामीण महिलाओं को आकर्षित कर रहे हैं। जेडीयू नेता संजय झा ने इसे 2010 से अधिक सीटें का संकेत बताया है। पहले चरण में एनडीए की 60+ सीटें संभावित मानी जा सकती हैं, खासकर वैशाली और मुजफ्फरपुर जैसे क्षेत्रों में ।

दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन (आरजेडी-कांग्रेस) अपने हिसाब से मतलब निकाल रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान तेजस्वी यादव का फोकस युवा-बेरोजगारी पर रहा। राजनीतिक विश्लेषण मतदाताओं के उच्च टर्नआउट को बदलाव की भूख दिखाने वाला मानते हैं, जो विपक्ष को फायदा दे सकता है। पटना जैसे शहरी इलाकों में कम वोटिंग एनडीए के लिए चिंता का विषय है, लेकिन कई विश्लेषकों का मानना है कि ग्रामीण जोश विपक्ष की लहर का संकेत हो सकता है। लेकिन यहां सवाल महिलाओं के मतदान प्रतिशत पर है। जहां होगा महिलाओं का रुझान उसकी बनेगी सरकार। कुल मिला कर 64%+ टर्नआउट अक्सर सत्ताधारी गठबंधन को मजबूत करता है, लेकिन 2020 के 57% से 8% की बढ़ोतरी विपक्ष की सक्रियता भी दर्शाती है। चुनावी आंकड़ों का अध्ययन करनेवाले कहते हैं कि बदलाव बनाम स्थिरता की जंग में ग्रामीण वोट निर्णायक साबित होंगे। इसलिए एनडीए समर्थक उत्साहित हैं, जबकि विपक्ष जनादेश की बात कर रहा है।

## प्रभावशाली कारक और चुनौतियां

पहले चरण के चुनाव के दौरान चुनाव आयोग की सुविधाएं (जैसे वेबकास्टिंग, मोबाइल एप) ने विश्वास बढ़ाया। मौसम अनुकूल रहा और कहीं कोई हिंसा नहीं। लेकिन शहरी मतदाताओं का कम टर्नआउट बड़ी चुनौती है। पटना में 10 सीटों पर सबसे कम टर्नआउट रहा। एक बड़ी चुनौती यह है कि इवीएम पर सवाल उठ सकते हैं, हालांकि अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है और ध्रुवीकरण (जाति-धर्म) का खतरा भी है।

## सोशल मीडिया पर रुझान

पहले चरण के मतदान के बाद सोशल मीडिया, खास कर एक्स के पोस्ट में रिकॉर्ड वोटिंग ट्रेंडिंग रहा और एनडीए की तारीफ अधिक हुई, लेकिन युवा वोटर बदलाव की मांग कर रहे हैं।

## आगे की राह

बिहार में मतदान का दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा, जब 122 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। चुनाव नतीजे 14 नवंबर को आयेंगे। यह चरण एनडीए की साख और विपक्ष की लहर की कसौटी होगा। कुल मिलाकर यह वोटिंग बिहार के विकास बनाम रोजगार एजेंडे को मजबूत करती है। इसलिए परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं।

---

# झारखंड की विभूतियों को भूल चुकी है राज्य सरकारः अर्जुन मुंडा

- सरकार सीएनटी एक्ट की धज्जियां उड़ा रही है, पेसा कानून नहीं बनाया
- पूर्व सीएम ने घाटशिला की जनता से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में प्रचार को पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड गठन के 25 वर्ष होने को है लेकिन सरकार भगवान बिरसा मुंडा समेत अन्य विभूतियों को भुला चुकी है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां केंद्र सरकार महान विभूति बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती को देशभर में सालभर उत्साह के साथ मना रही है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से अब तक जयंती समारोह को लेकर कुछ तय नहीं किया गया है। कहा कि राज्य सरकार बिरसा मुंडा समेत अन्य विभूतियों के सिद्धांत को भुला चुकी है। जल-जंगल व जमीन पर लगातार हमला हो रहा है। जनजातीय समाज अपनी जमीन बचाने के लिए कोर्ट के चककर लगा रहा है। सरकार सीएनटी एक्ट की धज्जियां उड़ा रही है। पेसा कानून नहीं बनाया गया है। माइनर मिनरल जिसपर गांव-पंचायत का अधिकार होना चाहिए, उस पर सरकार कब्जा जमाये बैठी है। सरकार के दमनात्मक रवैया के कारण झारखंड में माफिया हावी है। आम जनता त्रस्त है। झारखंड निर्माण के लिए जिन्होंने त्याग किया। अपने प्राणों कि आहुति दी, उनके सपने धाराशायी हो गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। व्यापारिक दृष्टिकोण से अधिकारियों का पदस्थापन हो रहा है। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा कि उपचुनाव के माध्यम से घाटशिला के लोग राज्य सरकार को बतायेंगे कि किस तरह संसाधन का दुरूपयोग हो रहा है। झारखंड में रहने वाली जनता के मौलिक अधिकार खत्म हो रहे हैं। पूर्व सीएम ने घाटशिला की जनता से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश के उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, अभय सिंह, जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, लखन मार्डी, दिनेश साव, अशोक बड़ाइक, सत्या तिवारी उपस्थित थे।

---

# हार की डर से झामुमो हताश-निराश : साहू

- बंगाल-ओड़िशा सहित बहराघोड़ा, पोटका से जेएमएम जुटा रही भीड़
- भाजपा ने गुड़ाबांदा मंडल में पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जेएमएम की स्थिति पूरी तरह से हताश और निराश हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की सभाओं में भीड़ नगण्य रह रही है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि सभा स्थल भरने के लिए ओड़िशा और बंगाल से लोगों को मंगाया जा रहा है। घाटशिला की जनता की भागीदारी नाम मात्र की है, इसलिए पोटका, जुगसलाई और बहरागोड़ा जैसे आसपास की विधानसभा क्षेत्रों से भीड़ जुटायी जा रही है फिर भी कुर्सियां खाली रह जा रही हैं।



आदित्य साहू ने कहा कि जेएमएम नेताओं को हार साफ दिखायी दे रही है, इसलिए अब सत्ता का दुरुपयोग करते हुए मुख्यमंत्री, मंत्री, सत्ताधारी दल के विधायक-सांसद और थैलेशाहों को एक-एक-एक बूथों का टेंडर दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता समझदार और जागरूक है, और वह अपने विवेक व बुद्धि से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को भारी मतों से विजयी बनायेगी। साथ में रामकुमार पाहन, नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.6 °c | 17.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.58 बजे |



# साक्षात दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती स्वरूपा हैं भारत माता : बाबूलाल

## प्रदेश भाजपा ने वंदे मातरम गीत की रचना के 150वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गान कार्यक्रम को धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय रांची के अलावा रांची महानगर जिला, धनबाद, देवघर और दुमका में भी कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक वंदेमातरम गान कार्यक्रम संपन्न हुआ। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने वंदे मातरम् गीत के 150वीं वर्षगांठ पर झारखंड की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत ने भले ही हजार वर्षों तक गुलामी के खिलाफ संघर्ष किया लेकिन भारत की सांस्कृतिक चेतना अनवरत जागृत रही। देश के मनीषियों ने गीतों के माध्यम से भी इसे जागृत किया। इसी का परिणाम है कि 1875 में मां भारती के महान सपूत कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम की रचना की।

भारत के मनीषियों, ऋषि, मुनियों, चिंतकों, महापुरुषों, साधकों ने भारत की पवित्र धरती में साक्षात दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती के दर्शन किये।

इसी को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम गीत के रूप में लिपिबद्ध किया। अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ती भारत माता ही दुर्गा हैं, संपन्नता ही लक्ष्मी हैं और भारत का ज्ञान विज्ञान ही सरस्वती हैं।



### धरती को माता का रूप माना : आदित्य साहू

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्राचीन भारतीय भूभाग धरती का ऐसा विशिष्ट क्षेत्र है जिसने धरती को मिट्टी का टुकड़ा नहीं बल्कि मातृ भूमि माना। धरती को माता का रूप माना। इसी भाव के कारण वंदे मातरम के स्वर फूटे। भारत की धरती वंदन की धरती है, अभिनंदन और पूजन की धरती है। भाजपा ने राष्ट्र प्रथम को अपना संकल्प बनाया है।

### भारत माता की आराधना का एक जागृत मंत्र है : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि वंदे मातरम गीत नहीं बल्कि भारत माता की आराधना का एक जागृत मंत्र है। वंदे मातरम और भारत माता की जय की भावना से ही विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत का स्वप्न साकार होगा।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि वंदे मातरम गीत जागृत भारत, दिव्य भारत की वंदना है। जिसने भारत माता के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ मां के आध्यात्मिक भावों को भी पिरोया गया है। पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडेय ने कहा कि भारत की भूमि पर जन्म लेने के लिए देवता भी लालायित रहते हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लगातार देश की सांस्कृतिक विरासत पर चोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वंदेमातरम गीत को भी कांग्रेस ने वोट बैंक और सांप्रदायिकता का शिकार बना दिया। कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम लीग के दबाव में अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में वंदे मातरम गीत के गान पर रोक लगायी।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री और कार्यक्रम के सह संयोजक मनोज महतो ने किया।

सामूहिक वंदेमातरम गीत के गायन का नेतृत्व सुनीता सिंह, सीमा सिंह, राजश्री जयंती, शालिनी नायक, शिवपूजन पाठक ने किया।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में प्रदीप सिन्हा, रमाकांत महतो, राफिया नाज, पवन साहू, अमरदीप यादव, राजू सिंह, बलराम सिंह, ऊषा पांडेय, सीमा शर्मा, रागिनी सिन्हा, प्रेम मित्तल, कमाल खान, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, उमा शंकर केडिया, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, माया सिंह सिसोदिया, प्रमोद पांडेय, प्रमोद मिश्रा, वसंत मित्तल, योगेंद्र लाल, तारिक इमरान, डॉ तान्या,संजय चौधरी, अनिल सिंह, संजय महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सोमेश सोरेन को जिताकर रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दें : मिथिलेश ठाकुर

## घाटशिला मारवाड़ी धर्मशाला में सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की योजनाओं से प्रभावित होकर झामुमो महासचिव एवं पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के उपस्थिति में घाटशिला टाउन के सैकड़ों युवाओं एवं महिलाओं ने मारवाड़ी धर्मशाला में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकासशील योजनाओं का वर्णन किया एवं सोमेश सोरेन को भारी बहुमत से जीत दिला कर स्वर्गीय रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कौशिक कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विक्टर सोरेन ने किया। इस मौके पर तजिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रसन्नजित सरकार, नटवर गिरी, शुभम सिंह, मिथू सिंह, मृणाल ओझा, आकाश सिंह, निशांत सिंह, सनातन सिंह, सतनाम सिंह, किशन गुप्ता, सुभोजीत मंडल, करण भगत, आतिश भगत, सूरज कर्मकार, सुनीत सहाय आदि लोगों झामुमो का दामन थामा।

# महिलाओं की भागीदारी झामुमो की असली ताकत है : कुणाल षाड़ंगी

## मुरगागुट्टू में सैकड़ों महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** मुसाबनी प्रखंड के मुरगागुड्डू पंचायत अंतर्गत रक्खा कॉलोनी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में एक बड़ा सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मालती मुर्मू और सावित्री टुडू के नेतृत्व में सैकड़ों उत्साही महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को और सशक्त बनाया। इस कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नये सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी झामुमो की असली ताकत है। यह बढ़ती हुई जनसमर्थन की लहर आने वाले चुनाव की दिशा तय कर देगी। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। जनता में झामुमो के प्रति जोश और विश्वास का माहौल है - और अब यह लहर थमने का नाम नहीं ले रही है। इस मौके पर मुरगागुड्डू ग्राम प्रधान सुब्रतो सेन, झारखंड आंदोलनकारी अशोक कुमार अधिकारी, मंजू अधिकारी झामुमो चाकुलिया प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण हांसदा, मुखिया साहेब राम मांडी, विधान चंद्र मांडी, हरेन सिंह, कुणाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | बिगड़े हुए कार्य बनेंगे,संतान सुख, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विद्यार्थियों के परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| वृष | नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी, राज्यपक्ष का समर्थन मिलेगा, मान-सम्मान-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी। |
| मिथुन | आपके काम में यश प्राप्त होगा,स्वजन-मित्रों का सुख-सहयोग मिलेगा। |
| कर्क | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ कार्य के रूपरेखा बनेगी, आर्थिक योग अच्छा है। |
| सिंह | समय कष्टकारी है, मन पर नियंत्रण रखें अन्यथा व्यर्थ के विवादों में उलझ जाएंगें। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## सोमेश सोरेन के समर्थन में कांग्रेस ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी ने महागठबंधन प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामदास सोरेन असामयिक निधन के बाद यह उपचुनाव उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर है। महागठबंधन ने उनके पुत्र सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाकर जनता के बीच भेजा है और आज सही मायनों में उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब घाटशिला की जनता भारी मतों से सोमेश सोरेन को विजयी बनाकर विधानसभा भेजेगी। पूरे देश में भाजपा चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी है।

# झामुमो ने आदिवासियों को सिर्फ ठगा है : चंपाई सोरेन

- झामुमो सरकार ने ना तो रोजगार दिया, ना विकास
- घाटशिला की जनता विकास चाहती है, रोजगार चाहती है और स्थायी परिवर्तन चाहती है : विद्युत वरण महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**धालभूमगढ़।** धालभूमगढ़ प्रखंड के मोहाली सोल में शुक्रवार को जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो, प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश आनंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झामुमो पर बड़ा हमला बोला है। आरोप लगाया है कि झामुमो ने आदिवासियों को सिर्फ ठगा है, और झूठे वादों के सहारे सत्ता हथियाई है। झामुमो ने आदिवासियों की जमीन छीनी और फिर दावा किया कि वही आदिवासियों की हितैषी है। ये जनता को धोखा देना बंद करें। भाजपा ही झारखंड के असली हित की बात करती है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि ओलचिकी भाषा को आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने का श्रेय भी भाजपा सरकार को ही जाता है। चंपाई ने कहा कि झामुमो सरकार ने ना तो रोजगार दिया, ना विकास। राज्य की सड़कों से लेकर अस्पतालों तक बदहाली का आलम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास और जनता अब झूठे वादों से तंग आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाबूलाल सोरेन क्षेत्र के सच्चे सपूत हैं और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

घाटशिला की जनता विकास चाहती है : विद्युत वरण महतो

संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने लोगों से आगामी उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में मतदान करने को कहा सांसद ने कहा कि घाटशिला की जनता विकास चाहती है, रोजगार चाहती है और स्थायी परिवर्तन चाहती है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल सोरेन जैसे कर्मठ और जमीनी नेता को जिताकर ही घाटशिला के विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा झारखंड में गठबंधन सरकार धोखेबाज सरकार साबित हुई है यह सरकार झूठ की नीब पर टिकी है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे करती है पर सत्ता में आने के बाद चुप्पी साध लेते हैं पिछले 6 वर्षों में एक भी ठोस का विकास कार्य नहीं हुआ है। मौके पर जिला अध्यक्ष चंडी चरण साहू मंडल अध्यक्ष अनूप दास, प्रदीप महतो समेत कई उपस्थित थे।

# घाटशिला उपचुनाव की तैयारी को लेकर इवीएम हुई डिस्पैच

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** जमशेदपुर स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज में शुक्रवार को घाटशिला विधानसभा उप निर्वाचन-2025 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में इवीएम डिस्पैच और रिसिविंग टीम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दिवस पर इवीएम की सुरक्षित पैकिंग, डिस्पैच और रिसिविंग की प्रक्रिया, लॉजिस्टिक व्यवस्था तथा रिटर्निंग ऑफिसर को मशीनों के हस्तांतरण से संबंधित दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसी क्रम में मतदान दिवस पर कार्यरत कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों को भी उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। उन्हें संचार व्यवस्था, रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल, शिकायत निवारण की प्रक्रिया एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की कार्यप्रणाली के बारे में भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यों के प्रत्येक चरण में समय-सारिणी और निर्वाचन आयोग के तय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाये। उन्होंने कहा कि टीम भावना, सतर्कता और समयबद्धता से ही निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच टीम को प्रत्येक पोलिंग पार्टी को उचित मतदान केंद्र के अनुसार इवीएम मशीनें सुपुर्द करने, मशीनों के सीरियल नंबर, लेबल और सील की जांच करने, फॉर्म या रसीद पर पोलिंग पार्टी से हस्ताक्षर लेने और किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में त्वरित सूचना तकनीकी टीम को देने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी मशीनों को समय पर भेजने की जिम्मेदारी स्पष्ट की गयी।

# झामुमो की 'बांटो और राज करो' की नीति फेल बाबूलाल सोरेन की जीत तय : सुदेश महतो

- सुदेश महतो ने बाबूलाल सोरेन के पक्ष में चलाया अभियान, सभा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने शुक्रवार को घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में प्रचार अभियान चलाया। चतरो और सिंहपुरा में जनसभा में श्री महतो ने कहा कि अंग्रेजों की बांटो और राज करो वाली झामुमो की नीति को जनता समझ चुकी है। जनता अब भ्रमित नहीं होगी। इस बार का वोट झारखंड की राजनीति में बदलाव का संदेश देगा। घाटशिला की जनता एकजुट होकर बाबूलाल सोरेन के पक्ष में खड़ी है। श्री महतो ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव केवल एक विधानसभा का चुनाव नहीं है। यह चुनाव झारखंड की राजनीति की दिशा और दशा तय करने वाला जनादेश है। इस चुनाव को हमें एक व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा, क्योंकि यह पिछले 6 वर्षों की राज्य सरकार की नाकामियों का प्रतीक है। श्री महतो ने धालभूमगढ़ के मुरुडीह, बुराकाटी, जोलकाटा, भाकर आदि ग्रामों में भी प्रचार अभियान चलाया।

उन्होंने आगे कहा कि अब वक्त आ गया है कि घाटशिला की जनता अपना जनादेश दे। इस बार का वोट सिर्फ. प्रतिनिधि चुनने का नहीं, बल्कि राज्य की नीति और नीयत तय करने का होगा। घाटशिला की जनता का वोट पूरे झारखंड के लिए संदेश बनेगा कि जनता अब बदलाव चाहती है।

**चुनावी दौरे में उपस्थित :** इस अवसर पर रामचंद्र सहिस, बाघमारा शत्रुघ्न महतो, डॉ. लंबोदर महतो, हरेलाल महतो, सागेन हांसदा, कन्हैया सिंह, निर्मला भगत, पार्वती देवी, सुखलाल हेंब्रम, राजू कर्मकार, रामदेव हेंब्रम, राकेश मुर्मू, बुद्धेश्वर मुर्मू, बनबिहारी महतो, फूल कुमारी देवी, सरिता देवी, बबिता देवी, सत्यनारायण महतो, संजय मेहता, राजेश महतो , नवीन महतो, टिकैत महतो, ओम वर्मा, सपन सिंह देव, सचिन महतो आदि उपस्थित रहे।

# घाटशिला उपचुनाव : 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा डाल सकेंगे वोट

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित घाटशिला विधानसभा उप निर्वाचन के तहत घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर 2025 को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (इपीक) प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में इपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने शुक्रवार जानकारी दी है कि मतदान के लिए इपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर की ओर से जारी की गयी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की ओर से जारी किये गये कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड, सांसद- विधायक पार्षद को जारी पहचान पत्र एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

## युवक की हत्या मामले का उद्भेदन नहीं परिजनों ने लगायी न्याय की गुहार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई निवासी गोविन्द साव (पिता किसुन साव) ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक के नेतृत्व में कोडरमा एसपी को आवेदन सौंपा। उन्होंने कार्रवाई में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। आवेदन में गोविन्द साव ने बताया कि गत 18 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे उनके गांव के ही विशाल कुमार पिता महादेव साव और तीन अन्य व्यक्ति दो बाइक से उनके घर पहुंचे। परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए उन्होंने उनके बेटे से पैसे की मांग की और धमकी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर रुपये नहीं दिये गये तो गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा। भयभीत परिवार ने बेटे को समझाने और बचाने की कोशिश की, लेकिन वह घर से भाग निकला और पूरी रात खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। अगले दिन सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों ने सूचित किया कि उनका बेटे का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका है। परिजनों का आरोप है कि शव पर चोट और मारपीट के स्पष्ट निशान थे, पैरों से खून बह रहा था और आंखों पर भी चोट के निशान थे। गोविन्द साव का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही विशाल कुमार और उसके साथियों ने सुनियोजित साजिश के तहत उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया। आवेदन और प्राथमिकी दर्ज होने के इतने दिनों के बाद भी मामले में कोई कार्यवाई नहीं हुई है। मौके पर गोविंद साव, जागी साव, ब्रह्मदेव दास, अशोक साव, राजू साव, बसंती देवी, दुलारी देवी आदि मौजूद थे।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल ने चाइल्ड प्रोगेसिव स्कूल को और मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने सेंट जेवियर स्कूल को हराया




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे रोटरी कोडरमा इंटर स्कूल क्रिकेट टूनोमेंट में आज पहला मैच में ग्रिजली पब्लिक स्कूल ने चाइल्ड प्रोगेसिव स्कूल को 21 रन से हराया। वहीं दूसरा मैच में मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने सेंट जेवियर स्कूल को 151रन से हराया। पहला मैच झुमरी तिलैया स्थिति सी एच हाई स्कूल मैदान में ग्रिजली पब्लिक स्कूल और चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के बीच खेला गया। ग्रिजली पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 73 रन बनाये। जिसमें आदर्श ने 29 रन और दक्षानंद ने सात रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए चाइल्ड प्रोगेसिव स्कूल की ओर से वसीम, हुजैफा ने तीन-तीन विकेट और विवेक और शुभम ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी चाइल्ड प्रोसेसिंग स्कूल की टीम 9.3 ओवर में 52 रन पर ही ढेर हो गयी। इसमें विवेक ने 19 रन और सूरज ने सात रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए ग्रिजली पब्लिक स्कूल की ओर से दक्षानंद और आदर्श यादव ने तीन-तीन विकेट, विनायक ने दो विकेट और यश जैन ने एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए आदर्श यादव को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में मॉडर्न पब्लिक स्कूल और सेंट जेवियर स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने 22.1 ओवर में अपने सभी विकेट खो कर 201 रन बनाए। जिसमें राहुल ने 47 रन हार्दिक ने 29 रन और कुमार अनुराग ने 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए सेंट जेवियर स्कूल की ओर से सौरभ और रिसव राज ने चार-चार विकेट तथा गौरव और सत्यम ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी सेंट जेवियर स्कूल की टीम 50 रन पर ढेर हो गयी जिसमें सत्यम ने 14 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल की ओर से सौरभ ने तीन विकेट हमजा समीर ने दो विकेट नयन, राहुल, हार्दिक और अनुराग ने एक-एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए राहुल आर्यन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायर सुरेंद्र प्रसाद और बसंत कुमार और स्कोरर सत्यम कुमार थे। मौके पर अमरजीत सिंह छाबड़ा, विवेकानंद चौधरी, दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, कृष्णा बरहपुरिया, अनिल सिंह, उमेश सिंह, आलोक पांडे, सोनू खान, धर्मेंद्र कौशिक, ओमप्रकाश, अजय राणा, अभी राज गौतम, मुकेश प्रभाकर सहित अन्य मौजूद थे।

## खुशी ने राज्य कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रांची स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में आयोजित खेलो झारखंड अंतर्गत एसजीएफआइ राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती चैम्पियनशिप 2025 में ग्रिजली विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 14 बालिका वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परिषद, शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गयी थी, जिसमें राज्यभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। खुशी कुमारी ने अपने पहले ही प्रयास में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कैंप के लिए हुआ है, जहां से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 69वीं एसजीएफआइ राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। खुशी की इस उपलब्धि में उनकी प्रशिक्षिका तरन्नुम खान के मार्गदर्शन और सतत परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता ने खुशी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल खुशी की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के समग्र विकास और खेल भावना को भी दशार्ती है। प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि खुशी ने सिद्ध किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कोडरमा जिला कुश्ती संघ के सचिव आकाश कुमार सेठ ने खुशी कुमारी और उनकी कोच तरन्नुम खान को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता जिले के लिए गर्व की बात है। वहीं निदेशक द्वय मनीष कपिसमे और अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी.डी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास ने खुशी, उनकी कोच तरन्नुम खान और उनके अभिभावकों को शुभकामनाये दी है।

# बड़कागांव से अनाज पूरे भारत में जाता है : राजन चीर सागर

**दर्जनों गांव के लोग रैली निकाल कर सभा में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा के राजन चीर सागर ने कहा कि बड़कागांव का गुड़ और अनाज पूरे भारत में जाता है। यहां के अनाज, सब्जियां और गुड़ उत्पादन में पूरे भारत में नामी है। सांसद प्रतिनिधि अजय साहू ने कहां की कंपनी आने से गोतिया और नाता बिखर जायेगा इसे जरूर बचाये। महापंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भी काम किया गया। सागर शुक्रवार को -महापंचायत में बोल रहे थे। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला कुमारी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भाकपा माले के पैरु प्रताप राम, पचू राणा, राजद के कुंज बिहारी साव, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुकुटधारी महतो, खेमलाल महतो, अनिल मिश्रा, किसान मोर्चा के राजकुमार, सीलम झा, झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो, शिवलाल महतो, मोहम्मद आदिल, निकिता जैन, सविता रथ, दीप्ति मिंज, सिराज दत्त, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, डॉ मिथिलेश दांगी, शशि कुमार सिंह, रामकुमार राम, दीपक कुमार, लखींद्र ठाकुर, अमित कुमार साहू, खुशबू कुमारी, राणा, सेवंती कुमारी, निरंजन कुमार, बंगाली राम, मोहन साव, रामकुमार भार्गव, कजरू साव, सुरेंद्र प्रसाद, धनेश्वर महतो, भागीरथ महतो, सोहनलाल मेहता, दिनेश महतो, परमेश्वर महतो, प्रोफेसर ज्योति जलधार, चुरामन गोप, विकास महतो, दर्शन गंझु, जितेंद्र प्रसाद, गिरी नंदन महतो, कार्तिक महतो, उपेंद्र कुमार प्रसाद, कृष्णा साव, गौतम वर्मा, दिनेश कुमार, विनोद महतो, विजय कुमार, साहू, एम रहमान आदि ने संबोधित किया। महापंचायत में लगभग दस हजार से भी अधिक लोग शामिल थे।

**दर्जनों गांव के लोग रैली निकाल कर सभा में हुए शामिल :** बड़कागांव जल जंगल, जमीन बचाने को लेकर बड़कागांव प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र से दर्जनों गांव के लोग रैली निकाला। रैली के माध्यम से एनटीपीसी, अदानी, जेएसडब्ल्यू समेत अन्य कोल कंपनियों के विरुद्ध नारा लगाया। किसानों ने हाथों में कई नारे लिखे हुए तख्ती लेकर आंदोलन को धारदार बनाया। रैली में अदानी एनटीपीसी जेएसडब्ल्यू, कोल कंपनी वापस जाओ, जमीन 1 इंच नहीं देंगे, जल जंगल जमीन बचाना है, एनटीपीसी अदानी, जेएसडब्ल्यू को भगाना है, आदि नारे लगाते महिला पुरुष लगाते हुए चल रहे थे। रैली बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा जोराकाठ, गाली,बालोदर, चपरी, बादम, बाबूपारा, राउतपारा, हरली, महुगाइखुर्द, महुगाई कला, अंबजीत, नापो खुर्द, नापो कला, सांढ, खराठी, बलिया, शिवाडीह, छपेरवा, होरम आदि गांव के किसान रैयत शामिल थे। रैली हरली स्थित पंचायत महासभा में शामिल हुई।

### इन गांव से लोग आये हुए थे

**महापंचायत में हरली, बादम, गोंदलपुरा, जोराकाट, गली, हाहे, फुलांग, बालोदर, चपरी, बसकटवा, सेहदा, अम्बाजीत, महुगाई कला, नापो, खरांटी, डोकाटांड़, गंगादोहर, बिश्रामपुर, सोनपुरा, कांडतरी, सांढ़, होरम, शिवाडीह, बलिया, चंदौल, पुंदौल, छपेरवा, महुदी, सहित अन्य गांव के हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष किसान आये थे। महापंचायत में किसानों, रैयतों, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने किसी भी कंपनी को एक इंच भी जमीन नहीं देने का संकल्प लिया।**

# भाजपाइयों ने 'वंदे मातरम्' गीत की 150वीं वर्षगांठ मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग में शुक्रवार को हजारीबाग, जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में अवस्थित संघ कार्यालय के सभा कक्ष में, वंदे मातरम गीत का 150 वां वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष, बीजेपी, झारखंड, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार यादव, पूर्व मंत्री सह विधायक- बरही, विधानसभा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार मेहता जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक, संचालन दामोदर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन कुणाल किशोर दुबे द्वारा की गयी। मुख्य वक्ता द्वारा अपने संबोधन में, यह कहा गया कि वंदे मातरम् गीत भारत का राष्ट्रीय गीत है, जिनकी रचना वकीम चंद्र चटर्जी ने की थी, और यह उनके उपन्यास आनंद मठ में, 1882 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर ने इसे धुन दी थी। इसे पहली बार 1896 में कोलकाता के राष्ट्रीयअधिवेशन में गाया गया। जिसे 1950 में भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता दी गयी। कार्यक्रम पूरे एक वर्ष तक चलेगा। आजादी के दीवानों और क्रांतिकारियों द्वारा वंदे मातरम गीत को गा -गा कर, लोगों में उत्साह और जोश भरने का काम करते रहे, परंतु मुस्लिम लीग द्वारा इस गीत का पुरजोर विरोध किया गया। कांग्रेस ने भी तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए, मुस्लिम लिंग को खुश करने के लिए वंदे मातरम गीत का बहिष्कार किया। मध्यप्रदेश आदि अनेक प्रदेशों में, जिनमें कांग्रेस का शासन था। कार्यक्रमों में वंदे मातरम गीत का बहिष्कार किया गया। वंदे मातरम् गीत का 150 वर्ष पूरे होने पर भारत के कैबिनेट ने यह फैसला लिया कि इस वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में इस कार्यक्रम को किया जायेगा। आज के दिन पूरे देश में 150 स्थान पर कार्यक्रम कर शुरुआत की गयी। जिसमें झारखंड में 6 जिलों में किया जाना सुनिश्चित किया गया। उसी के तहत हजारीबाग जिला में भी आज वंदे मातरम गीत पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य, केपी ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष, अशोक कुमार यादव, टुन्नू गोप, हजारीबाग जिला पूर्व संघ संचालक व सचिव ज्ञानचंद मेहता, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक, संजीव कुमार झा, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, टोनी जैन प्रदेश किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष, जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, नगर मंडल के अध्यक्ष विवेक बैरियार, कटकमसांडी के मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कैलाश यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेत्री रतन सिंहा, सत्यभामा जी, श्वेता सिंहा, शेफाली गुप्ता, ऋषि शर्मा, आदित्य वर्मा, अविनाश कसेरा, कुलदीप कृष्णा, नारायण साहू, अविनाश सिंहा, संजीव बावला, उपेंद्र सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, सुमन सिंहा, लकी जैन, मनोज कुमार पांडे, रितेश कुमार, एकता कुमारी, मीनू कुमारी, नूपुर कुमारी के साथ-साथ सैकड़ों व्यक्ति उपस्थितथे। उक्त आशय की जानकारी, भाजपा जिला मंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गयी।

# नगर निगम का मेन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई दुकानों पर लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम द्वारा शुक्रवार को मेन रोड क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने और आम नागरिकों को आवागमन में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया। नगर निगम की टीम ने सड़कों पर उतरकर दुकानों, ठेलों और फुटपाथों पर किये गये अतिक्रमण को हटाया, साथ ही कई दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार और अनिल कुमार पांडे कर रहे थे। दोनों अधिकारियों के साथ नगर निगम के अन्य कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे मेन रोड की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानों का सामान जब्त किया गया, वहीं कई दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि वे एक सप्ताह के भीतर सड़क और नालियों पर रखे गये सामान को हटा लें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी।

नगर निगम के इस अभियान का विशेष फोकस सदर थाना के आसपास के क्षेत्र पर रहा, जहां वर्षों से आवंटित पार्किंग स्थल के पास फुटपाथों पर अस्थायी दुकानें लगायी जाती थीं। इन दुकानों को हटाकर नगर निगम ने पार्किंग क्षेत्र को मुक्त कराया, जिससे लोगों को पार्किंग की बेहतर सुविधा मिल सके और जाम की स्थिति से राहत मिले। सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मेन रोड पर कई जगहों पर सार्वजनिक नालियों के ऊपर दुकानदारों ने अपना सामान रखकर कब्जा कर लिया है, जिससे जल निकासी और पैदल यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। नगर निगम ने ऐसे सभी अतिक्रमण की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिन दुकानदारों ने सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा किया है, उन्हें चेतावनी दी गई है कि वे एक सप्ताह के अंदर अपना सामान नाली की सीमा से हटा लें। इसके बाद भी अतिक्रमण जारी रहा, तो नगर निगम कठोर कार्रवाई करेगा। उन्होंने आगे बताया कि अभियान के दौरान चार से पांच दुकानों पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि कई दुकानदारों से मौके पर ही अतिक्रमण हटवाया गया। नगर निगम के इस प्रयास से आम नागरिकों में संतोष का माहौल देखने को मिला, बढ़ती भीड़ और जाम की समस्या से परेशान थे। तो वहीं दूसरी और फुटपाथ संघ के लोग काफी आक्रोशित नजर आए। विपिन कुमार ने शहरवासियों से अपील कि सदर थाना के पास बनाये गये पार्किंग स्पॉट पर ही अपने दोपहिया वाहन खड़े करें और सड़क किनारे या फुटपाथ पर वाहन पार्क न करें। सभी के सहयोग से ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित रखा जा सकता है। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अभियान एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में जारी रहेगा और शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी ताकि हजारीबाग को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुचारु यातायात वाला शहर बनाया जा सके।

## रखौतिया वन में मनायी गयी 10वीं वर्षगांठ



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र डूमर पंचायत अंतर्गत बेडम के रखौतीया वन में पूजा-अर्चना कर और वृक्ष को लाल कपड़ा से बांधकर रखौतीया वन का धूमधाम से 10 वीं वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर वन प्रेमियों ने कहा कि वृक्ष हमारी धरोहर है इसे बचाना हमसभी का कर्तव्य है शुद्ध हवा और अच्छी वर्षा के लिए पेड़ पौधे को बचाना चाहिए हम सभी का कर्तव्य है कि कोई भी कार्यक्रम में एक एक पौधा जरूर से जरूर लगाना चाहिए इस वन महोत्सव को लेकर ग्रामीणों की मांग पर प्रमुख संतोष मंडल और पंचायत समिति सदस्य ने एक चबूतरा बनाया गया। जिसका उद्घाटन एक दिन पूर्व ही किये है ताकि आगे बच्चों का कार्यक्रम इस स्टेज रूपी चबूतरा पर किया जा सके। इस कार्यक्रम में वनरक्षी परमेश्वर कुमार, वन अध्यक्ष रोहित प्रसाद, जीवाधन प्रसाद, पप्पू कुमार मंडल, संदीप गंझू, भोला शर्मा, आनंद पांडेय, धनेश्वर महतो, दशरथ महतो, इंद्रजीत प्रसाद सिंह, महादेव मिस्त्री, मंगर महतो, गोपाल राणा, विजय गंझू, उगल किशोर प्रसाद, प्रिंस राणा सहित अन्य वन प्रेमी उपस्थित थे।

## 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण शुरू




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरीया करमा में गुरुवार से 200 घंटे का 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ, प्रशिक्षण जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग और रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उद्यान पदाधिकारी जसवंत कुमार, संस्थान के प्रधान बागवानी वैज्ञानिक डॉ. विशाल नाथ पांडेय, प्रभारी डॉ. सनत कुमार महंता, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. कृष्ण प्रकाश, सहित अन्य वैज्ञानिकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी जसवंत कुमार, ने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण से ग्रामीण युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र में रोजगार और स्व-रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ उठाने के लिए कौशल और नवाचार दोनों आवश्यक हैं। डॉ. पांडेय ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाकर स्थानीय स्तर पर उद्यान और नर्सरी इकाइयों की स्थापना करें। इससे न केवल आर्थिक सशक्तिकरण होगा बल्कि हरित क्रांति को भी नई दिशा मिलेगी। प्रभारी डॉ. सनत कुमार महंता ने नगरीय जीवन में उद्यानिकी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वहीं जिला उद्यान अधिकारी जयंत कुमार ने युवाओं की आजीविका संवर्धन हेतु इस प्रशिक्षण की उपयोगिता पर जोर दिया। इस कोर्स के अंतर्गत प्रतिभागियों को पौधरोपण, भूमि प्रबंधन, फूल और सब्जी उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, जैविक खाद निर्माण तथा सिंचाई तकनीकों से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जायेगा, जिससे वे आधुनिक उद्यानिकी पद्धतियों में दक्ष बन सकेंगे, इस प्रशिक्षण सत्र में हजारीबाग और रामगढ़ जिलों के 31 प्रशिक्षणार्थी हिस्सा ले रहे हैं, कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कृष्ण प्रकाश पांडेय ने किया।

## केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** जिले के केरेडारी प्रखंड के बरियातू पंचायत में चल रहे करोड़ों रुपये के सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप प्रखंड प्रमुख सुनीता ने लगाया है। प्रमुख सुनीता देवी ने कहा की बारियातु में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के तहत करीब 1 करोड़ 65 लाख 78 हजार रुपये की लागत से गढ़वाल और पीसीसी/पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो बरियातू में बुधन साव के घर से कर्बला होते हुए श्मशान घाट तक बनना प्रस्तावित है। लेकिन सड़क निर्माण में पूरे प्रोजेक्ट को भ्रष्टाचार का अड्डा करार दिया है, और आगे प्रमुख कही है कि निर्माण कार्य बेहद घटिया गुणवत्ता का हो रहा है और रोड में बिना रोलर का काम और धटिया गिटी से ढलाई किया जा रहा है। आगे कही गढ़वाल की नींव मात्र 1 से 1.5 फीट गहरा किया गया है। पीसीसी लेयर सिर्फ 1-2 इंच तक ही डाला गया है जिसके अलावा सीमेंट कम और बालू अधिक प्रयोग किया गया। नींव में लगाये गये पत्थर गलत तरीके से बैठाए गया हैं। गिट्टी की क्वालिटी भी बेहद कमजोर डाला गया है। पुलिया में भी घटिया पत्थर का इस्तेमाल किया गया जिससे उसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। इस मौके पर जेई अरविंद कुमार से बात करने पर निर्माण कार्य में सुधार करने को कही। विधायक के निर्देशों की भी अनदेखी स्थानीय विधायक रोशनलाल चौधरी ने निर्माण कार्य में लापरवाही पर रोक लगाने के स्पष्ट निर्देश दिये थे। उन्होंने कहा था कि काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। इसके बावजूद ठेकेदार ने मानक नहीं सुधारे तो उपायुक्त हजारीबाग से मुलाकात करेंगे।

## परसाबाद मंडल में स्वयंसेवकों ने पत्रक और साहित्य का किया वितरण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद मंडल के विभिन्न गांवों में शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचना और संघ के विचारों, आदर्शों और राष्ट्रहित में किए जा रहे प्रयासों को साझा करना है। इस अभियान के तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे, संघ के 100 वर्ष की यात्रा का परिचय देंगे और समाज में बदलाव के लिए चर्चा करेंगे। जिला कार्यवाह मुकेश राणा ने बताया कि इस अभियान के प्रमुख उद्देश्य सामाजिक समरसता समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना, कुटुंब प्रबोधन परिवारों को संघ के विचारों और आदर्शों से अवगत कराना, पर्यावरण संरक्षण पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण के प्रयासों को प्रोत्साहित करना, स्वयंसेवकों की जीवनशैली स्वयंसेवकों की जीवनशैली और नागरिक कर्तव्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। राष्ट्रहित में काम करना जैसे राष्ट्रहित में किये जा रहे प्रयासों को साझा करना और लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान में खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, ओम प्रकाश गुप्ता छोटे, योगेश मिश्रा, राहुल गुप्ता, संजय गुप्ता, आशीष राम, बिनोद लोहानी, मामा जी, बजरंगी प्रसाद और अन्य लोग लगे हुए हैं।

## ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 9.07 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गयी। यह कार्रवाई भुरकुंडा में गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। एसपी अजय कुमार को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक सिल्वर रंग की बोलेरो गाड़ी से कुछ लोग ब्राउन शुगर (हेरोइन) की खरीद-बिक्री के लिए भुरकुंडा आ रहे हैं। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी पतरातू के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने भुरकुंडा के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान, दो मुहानी रिवर साइड, भुरकुंडा के पास उक्त बोलेरो गाड़ी को रोका गया। गाड़ी चालक और उसमें सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, पुलिस द्वारा चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजेश कुमार बेदिया और गाड़ी में बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम महफूज आलम उर्फ राजन बताया। भागने का कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके पास ब्राउन शुगर है, इसलिए वे पुलिस को देखकर भाग रहे थे। उपस्थित पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान, महफूज आलम उर्फ राजन के पास से 4.77 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) और राजेश कुमार बेदिया के पास से 4.3 ग्राम स्मैक/ब्राउन शुगर (हेरोइन) बरामद हुई। इस प्रकार, कुल 9.07 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गयी। दोनों व्यक्तियों से ब्राउन शुगर से संबंधित वैध कागजात मांगे गये, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद, उन्हें अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खेल को खेल की भावना से खेलें, हार जीत लगी रहती है : सोनाराम



उरीमारी (आजाद सिपाही)। न्यू बरटोला (भुरकुंडवा) स्थित फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय सदस्य झामुमो सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल किक मार कर किया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच उरांव ब्रदर्स घाघरा बनाम बोका ब्रदर्स सेहदा के बीच खेला गया। उरांव ब्रदर्स घाघरा ने 1-0 से बोका ब्रदर्स सेहदा को पराजित किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य बभनी देवी, उप मुखिया रविंद्र सोरेन, कविता मरांडी, दिनेश्वर सोरेन, लेचा मांझी, छोटका सोरेन, योंगा किस्कू, बिनोद हेम्ब्रोम, सुखराम बेसरा, रमेश हांसदा, बिनोद सोरेन, देवीलाल सोरेन, बंशीलाल मांझी उपस्थित थे। टूर्नामेंट का आयोजन में समिति अध्यक्ष बर्मा मांझी, सचिव प्रदीप सोरेन, सह सचिव समीर सोरेन, कोषाध्यक्ष विकाश सोरेन, संतोष हेम्ब्रोम, सुजल हेम्ब्रोम, अनील मांझी, महेंद्र सोरेन, सिकेंद्र सोरेन, मुनालाल सोरेन, बबलू सोरेन, नरेश हांसदा, साहिल हेम्ब्रोम, अनील सोरेन, ऋतिक सोरेन, महालाल सोरेन, अरुण सोरेन, राहुल हेम्ब्रोम,संजय सोरेन, सुरेश हेम्ब्रोम, रोहित किस्कू, महेंद्र हांसदा, सनोज हेम्ब्रोम, पवन सोरेन, रवि सोरेन, अविनाश किस्कू, बबलू किस्कू, महादेव सोरेन, अमृत सोरेन, संदीप सोरेन, सुरेश हांसदा, आरुष हांसदा, राम हेम्ब्रोम, विष्णु हेम्ब्रोम, शिवम सोरेन का योगदान रहा।


## हिरक रोड की मरम्मत की मांग को लेकर भाकपा-माले का सड़क जाम





गिद्दी (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को गिद्दी से नया मोड़ तक हिरक रोड की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग को लेकर आज भाकपा-माले ने जोबला ठाकुरगोडा में सड़क जाम आंदोलन किया। लंबे समय से सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा गया भाकपा-माले लुम्बा-बुमरी लोकल कमेटी के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में लालचंद बेदिया, मानकी टुडू, जयवीर हांसदा, छोटेलाल दास, रामवृक्ष बेदिया, सुलचंद बेदिया, कारण बेदिया, कांति देवी, लाका बेदिया, अनवर मियां, सकलदेव राम, पुष्पा देवी, मनेन्द्र हेम्ब्रम, सुरेन्द्र सिंह, नंदकिशोर सिंह, नरेश गंझू, महेंद्र गंझू, अर्जुन हेंब्रोम, संतोष मोदी, संजीत हेंब्रोम, अनिल सोरेन, बबलू हेंब्रोम, सुगन गंझू, गणेश गंझू, बाबूलाल बेदिया, शनिचर बेदिया, बासुदेव सोरेन, सुखदेव सोरेन, आरेश हेंब्रोम, जोगवा किस्कू, आश्विन सोरेन, मनोज साव, पुरन गंझू सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य भुनेश्वर बेदिया ने किया। स्थानीय नेताओं ने बताया कि हिरक रोड की मरम्मत और निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सूचना देने के बावजूद प्रशासन द्वारा अनदेखी की गयी, जिसके कारण लोगों को सड़क पर उतरकर विरोध जताना पड़ा। गौरतलब है कि इस सड़क से सीसीएल का कोयला परिवहन बड़े पैमाने पर होता है, बावजूद इसके सड़क की हालत बेहद जर्जर बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही सड़क की मरम्मत नहीं की गयी तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

## देशभक्ति गीत का आयोजन



गोला (आजाद सिपाही)। एस एस प्लस टू हाई स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर देशभक्ति गीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। वक्ताओं ने राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व, इसके रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की भूमिका और स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रांगण में राष्ट्रीय गीत सामूहिक रूप से गया गया। मौके पर अंचल अधिकारी सीताराम महतो, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई रंजन ओझा, ए एसई संजय गोराई, तहसील अहमद, प्रधानाध्यापिका अनुपा पुष्पा तिर्की, शिवप्रकाश आदि थे।

### हॉकी इंडिया के सौ साल पूरा होने पर प्रदर्शनी मैच का आयोजन

# रामगढ़ में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं : अजय कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। हॉकी इंडिया के स्वर्णिम 100 साल पूरे हो गये। इस उपलक्ष्य में देश के विभिन्न हिस्सों में इस दिवस को यादगार बनाने के लिए प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में रामगढ़ हॉकी संघ के द्वारा गांधी स्कूल के मैदान में बॉयज एंड गर्ल्स का प्रदर्शनी हॉकी मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिम्स के पूर्व निदेशक राजीव कुमार गुप्ता, रामगढ़ हॉकी के सीडी सिंह, हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव सन्तोष गुप्ता, रांची प्रेस क्लब के पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, पूर्व संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कार्यसमिति सदस्य शानू झा, वर्तमान कार्यसमिति सदस्य आलोक सिन्हा, आरजे अरविंद, समाजसेवी नेपाली यादव, धनेश साहू, चेतन मालवरी, गांधी मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य संतोष अनल, हॉकी झारखंड के संजय तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित



इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के एसपी ने कहा कि झारखंड में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, रामगढ़ के खिलाड़ियों में भी जज्बा है, बस जरूरत है उन्हें अवसर उपलब्ध कराने की। आयोजन के संदर्भ में हॉकी हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव और रामगढ़ हॉकी के सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि रामगढ़ के प्रतिभाओं को निखारने के लिए हॉकी रामगढ़ का प्रयास जारी रहेगा, आगे जल्द ही रामगढ़ के सभी स्कूलों का लीग मैच का आयोजन होगा।

समारोह का संचालन आरजे अरविंद ने किया।

**रामगढ़ हॉकी के अध्यक्ष सीडी सिंह ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं :** रामगढ़ हॉकी के अध्यक्ष सीडी सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में रामगढ़ हॉकी के अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव संतोष गुप्ता, संजय तिवारी, मो कमरुद्दीन, अमिताभ कुणाल, हनी, अभिषेक सिंधु, शिवम राजपूत, नागेश्वर मुंडा, मो मुस्तकीम आदि मौजूद थे।

# इनर व्हील क्लब ने किया सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन मेगा कैंप आयोजित

**यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से आजीवन सुरक्षा प्रदान करती है: नमिता**





आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। इनर व्हील क्लब रामगढ़ के सौजन्य से सेंट फ्रांसिस स्कूल और कैंटोनमेंट बोर्ड गर्ल्स मिडिल स्कूल सुभाष चौक में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की उन बालिकाओं को टीकाकरण किया गया। जिनके अभिभावकों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये थे। इसके अलावा कैंटोनमेंट बोर्ड उत्क्रमित स्टाफ क्वार्टर स्कूल और कैंटोनमेंट बोर्ड नई सराय स्कूल की छात्राओं को भी इस टीकाकरण का लाभ मिला। बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की पहली खुराक दी गयी। दूसरी खुराक 6 माह बाद दी जायेगी। जिससे यह टीकाकरण पूर्ण होगा। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से आजीवन सुरक्षा प्रदान करती है। क्लब की तरफ से सभी छात्राओं में फल का भी वितरण किया गया। सेवा कार्य में कार्बन रिसोर्सेज, गिरिडीह के सुरेश जालान द्वारा प्रायोजन प्रदान किया गया। मेगा कैंप से कुल 33 बालिकाएं लाभान्वित हुईं। इनर व्हील क्लब रामगढ़ का यह सराहनीय प्रयास बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ, जनेशा वडेरा, नीरु साहनी, पिंकी पोद्दार, अंबाली जैन, हरमीत कौर आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी एकता मंच ने निकाली आक्रोश महारैली



चतरा (आजाद सिपाही)। कुर्मी जाति को आदिवासी की सूची में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए आदिवासी एकता मंच द्वारा 7 नवंबर को आदिवासी एकता सह आक्रोश महारैली निकाली गयी। यह रैली सदर प्रखंड कार्यालय स्थित नीलांबर-पीतांबर मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य डाकघर, गुदरी बाजार, केशरी चौक, जतराहीबाग होते हुए समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। आदिवासी एकता मंच के नेताओं ने कहा है कि यह मांग असंवैधानिक है और आदिवासियों के अधिकारों पर हमला है। यह रैली आदिवासी एकता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एक ही नंबर की दो स्विफ्ट कार से की जा रही थी अफीम की तस्करी, गिरफ्तार

**सदर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव से भी अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। अफीम तस्करी के लिए तस्करों द्वारा विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। शहर के अव्वल मुहल्ला में एक अफीम तस्कर दो अलग अलग स्विफ्ट डिजायर कार में एक ही नंबर प्लेट लगाकर अफीम की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार करते हुए दोनों कारों को जप्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर मो इरफान शहर के बिंड मोहल्ला का रहने वाला है। वह अव्वल मोहल्ला में मो जावेद के घर में किराए पर मकान लेकर रह रहा था। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि अव्वल मोहल्ला में एक तस्कर दो कारों पर एक ही नंबर लगाकर अफीम तस्करी का काम कर रहा है। उक्त सूचना पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने अव्वल मुहल्ला में मोहम्मद जावेद के घर से अफीम तस्कर मोहम्मद इरफान को लगभग पांच लाख रुपए मूल्य के 980 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया तथा उसके घर के सामने से एक ही नंबर की दोनों कारों को भी जप्त कर लिया गया।

सदर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव से 7 किलो 200 ग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम का अनुमानित मूल्य लगभग 35 लाख रुपए बताया जाता है। गिरफ्तार तस्करों में हंटरगंज थाना क्षेत्र के कोबना गांव निवासी रामजी प्रसाद का पुत्र रितिक कुमार रौशन व लक्ष्मणपुर गांव निवासी बबुनी यादव का पुत्र लक्ष्मण यादव का नाम शामिल है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि लक्ष्मणपुर भेड़ीफार्म स्थित लक्ष्मण यादव के मुर्गी फार्म के एक रूम में कुछ व्यक्ति अवैध अफीम का कारोबार कर रहे है। उक्त सूचना पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापामारी अभियान चला कर रीतिक कुमार रौशन और लक्ष्मण यादव को अफीम के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

# समाज कल्याण विभाग का कर्मचारी चेक चोरी कर करता था भुगतान

**समाज कल्याण पदाधिकारी ने रामगढ़ थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी**





आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ समाज कल्याण विभाग में चेक चोरी की घटना ने जिले के तमाम अधिकारियों को चौका दिया है। विभागीय कर्मचारी के द्वारा चेक चोरी कर भुगतान किये जाने की घटना तब उजागर हुई जब सरकारी खाते से पैसे की निकासी शुरू हो गयी। इस मामले में समाज कल्याण पदाधिकारी हिंदु प्रभा खालको ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस मामले में विभाग के निम्न वर्गीय कर्मचारी अभिषेक धान को अभियुक्त बनाया गया है।

**चार चेक चोरी कर किया गया था भुगतान :** समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खालको ने पुलिस को बताया कि विभाग से 2 मई 2025 को चेक चोरी किया गया था। चेक संख्या 966728 से लेकर 966790 तक की चोरी अभिषेक धान के द्वारा किया गया था। एसबीआइ में सरकारी खाते है। इस बैंक चेक से चार लोगों को भुगतान किया गया। चेक संख्या 966749 से 10000 की राशि प्रिया कुमारी, चेक संख्या 966748 से 10000 की राशि किरण कुमारी, चेक संख्या 966754 से 30000 रेखा कुमारी, और चेक संख्या 966755 से 30000 निर्मत किया गया। जिसमें से बैंक की मिली भगत से सोनी कुमारी को चेक संख्या 966749 से 10000 की राशि निकासी की गयी। जब घोटाला सामने आया तो जांच गंभीरता से हुई।

**स्पष्टीकरण में अभिषेक ने स्वीकारी संलिप्तता :** जांच के दौरान समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खालको अभिषेक धान से 8 अक्टूबर 2025 को स्पष्टीकरण मांगा। स्पष्टीकरण के जवाब में अभिषेक ने यह स्वीकार किया कि उसने चेक चोरी की और रुपए की निकासी की। यहां तक कि 16 अक्टूबर को उसने एसबीआई में सरकारी खाता 32370986172 में गलत तरीके से निकाली गयी 10 हजार की रकम को जमा भी करा दिया।

## कुजू ओपी में राष्ट्रगीत का गायन



कुजू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर कुजू ओपी प्रांगण में राष्ट्रगीत गायन किया गया। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह की अगुवाई मे डीजीपी व एसपी के निर्देश पर कुजू पुलिस और आमजनों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया। तत्पश्चात वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि के जयघोष से लोगों के बीच देश प्रेम की भावना प्रबल हुई। इस अवसर पर ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से हम सबों में एक ऊर्जा का संचार होता है। जो हम सब के भीतर देशप्रेम का जज्बा भर देता है। मौके पर एसआई ओमकार पाल, संजय हेंब्रम, राजेश कुमार, अभिनव कुमार, रवि नारायण शर्मा, रौशन कुमार, मनीष कुमार सिंह, एएसआई वीरेंद्र कुजूर, साक्षर पुलिस सन्नी कुमार सिंह, रामेश्वर कुमार, शशि कुमार, कामेश्वर साहू, अनिल कुमार, मेघलाल राम समेत कई लोग शामिल रहे।

## मेदांता हॉस्पिटल और लायंस क्लब भुरकुंडा का राज नर्सिंग होम में स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य जांच और जागरूकता के उद्देश्य से मेदांता हॉस्पिटल और लायंस क्लब भुरकुंडा के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को भुरकुंडा टेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टरों और लायंस परिवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विनीत कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. विजय कुमार सिंह (किडनी रोग विशेषज्ञ) और मेडिसिन सेंटर के डॉ. अनिकेत सिन्हा ने लगभग 70 मरीजों का हृदय रोग, किडनी रोग सहित अन्य संबंधित बीमारियों की निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया। मौके पर लायंस परिवार ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक निभाते आये है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, जिला चेयरपर्सन विजयंत कुमार, लायन रेखा वर्णवाल, लायन माला शर्मा, लायन विजय वर्णवाल, लायन अंजू देवी, लायन रेखा मंजुल, लायन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन दीनबंधु सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, रमेश अग्रवाल सहित क्लब के तमाम सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## हंटरगंज ब्लॉक परिसर में गूंजा 'वंदे मातरम्' का गायन



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी कड़ी में जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में उपायुक्त के निर्देश पर हंटरगंज अंचलाधिकारी रितिक कुमार, बीपीओ निरंजन कुमार, नजीर सुबोध कुमार, बीपीआरओ योगेश शर्मा सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व हंटरगंज सीओ रितिक कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरणा दी थी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बना। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर एकता, समरसता और देशभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। सीओ ने कहा कि जैसे इस गीत ने आजादी के समय देश को एक सूत्र में बांधा था, वैसे ही आज हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान हंटरगंज, चतरा जिला सहित पूरे देश में सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में सामूहिक गायन के कार्यक्रम आयोजित किये गये। हर ओर 'वंदे मातरम्' की गूंज सुनाई दी।


**शपथ-पत्र**

मैं KUMARI SHIBANI MAHATO पति- ANIL KUMAR MAHTO जन्म तिथि 04/02/1991 निवास ग्राम- ईचाडीह टोला तानगीडीह, पो॰- उलिडीह थाना- तमाड़, जिला- राँची झारखण्ड का स्थायी निवासी हूँ। तथा शपथ पूर्वक निम्न ब्यान करती हूँ कि :- 1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ। 2. यह कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम- KUMARI SHIBANI MAHATO है एवं जन्म तिथि 04/02/1991 है। 3. यह कि मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण- पत्र में भी मेरा KUMARI SHIBANI MAHATO एवं जन्म तिथि 04/02/1991 ई॰ दर्ज है। 4. यह कि मेरा आधार कार्ड सं॰- 3101 63910975 में मेरा नाम SHIVANI DEVI एवं जन्म तिथि 01/04/1991 दर्ज है। 5. यह कि मैं अपने आधार कार्ड सं॰- 3101 63910975 में दर्ज मेरा नाम SHIVANI DEVI एवं जन्म तिथि 01/04/1991 को विलोपित कर मेरा सही नाम KUMARI SHIBANI MAHATO जन्म तिथि 04/02/1991 दर्ज करना चाहती हूँ। 6. यह कि उपरोक्त ब्यान सत्य एवं सहीं है, गलत पाये जाने पर मैं शपथकर्ता स्वयं दण्ड का भागी बनूँगी।

Sl. No-4526, Date-06.11.2025



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0—निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0—निविदा संख्या :—

WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-13/2025-26

पत्रांकः— 470 मेदिनीनगर, दिनांकः— 07/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | धडधड़ी नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड—चैनपुर, जिला—पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 45,87,000=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0—निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 17.11.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0—निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 01.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0—निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई—मेल पता | 06562—240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651—2214784 |

नोटः— सिर्फ ई0—निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :— https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट—बढ़ सकती है।

PR 365476 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

# बिहार में वोटिंग बढ़ी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं ने जबरदस्त जोश दिखाया। 60.13% मतदान लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। मतदान में जनता की भागीदारी अधिक होने का मतलब यह है कि लोकतंत्र जीवंत है। इसका अर्थ यह भी है कि लोग राजनीति से उदासीन नहीं हैं। डेमोक्रेसी में ऐसा ही होना भी चाहिए।

**बड़े नाम कतार में :** पहले चरण में 121 सीटों के लिए वोटिंग हुई है। महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी समेत कई बड़े नामों की किस्मत दांव पर लगी है इस चरण में। गुरुवार की वोटिंग अभिनेता से नेता बनने का सपना देख रहे खेसारी लाल यादव और मैथिली ठाकुर जैसे उम्मीदवारों की जीत-हार तय करेगी, तो यह लड़ाई अनंत सिंह जैसे बाहुबलियों की भी है।

**भविष्य का फैसला :** बिहार में दो दशकों से सत्तासीन नीतीश कुमार या उनकी जगह कोई और - हाल के चुनावों में यह सवाल इतनी मजबूती के साथ कभी नहीं पूछा गया था। जनता जो निर्णय लेगी, वह राज्य की सामाजिक-राजनीतिक दिशा तय करेगा। सकारात्मक बात यह है कि बिहार के लोगों ने इस बात को समझा और 2020 की तुलना में 8.3% ज्यादा वोटिंग की।

> बिहार में दो दशकों से सत्तासीन नीतीश कुमार या उनकी जगह कोई और हाल के चुनावों में यह सवाल इतनी मजबूती के साथ कभी नहीं पूछा गया था। जनता जो निर्णय लेगी, वह राज्य की सामाजिक-राजनीतिक दिशा तय करेगा।

**क्या है संदेश :** आमतौर पर ज्यादा मतदान को बदलाव का संकेत माना जाता है। हालांकि बिहार के केस में इस आंकड़े से इतना साफ निष्कर्ष निकालना संभव नहीं। यहां कई फैक्टर हैं। हां, इतना जरूर है कि पिछला विधानसभा चुनाव कोविड की छाया के बीच हुआ था, तो वोटिंग पर उसका असर पड़ा हो सकता है। लेकिन, इस बार भी Special Intensive Revision और वोट चोरी जैसे विवाद थे।

**सिस्टम पर भरोसा :** विपक्ष की ओर से चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। वोटिंग के एक दिन पहले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नये आरोप लगाये। फिर एसआइआर का मुद्दा रहा, जिसकी फाइनल लिस्ट में इंटेंसिव रिवीजन के पहले के मुकाबले करीब 47 लाख कम वोटर हैं। इसके बावजूद जनता ने पोलिंग बूथों तक पहुंच कर संदेश दिया कि उसे चुनावी प्रक्रिया और वोट की ताकत पर पूरा भरोसा है।

**अच्छी पहल :** पिछले विवादों को देखते हुए चुनाव आयोग ने इस बार रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराने की तैयारी की है, बाद में वोटिंग पर्सेंटेज पर अंगुली न उठे। यह पहल इस मायने में अच्छी है कि चुनावी प्रक्रिया जितनी पारदर्शी, सरल और तेज हो, उतना ही बेहतर। कुछ जगहों से विवाद की भी खबरें आईं, लेकिन उनके बीच भी लोगों का मताधिकार का इस्तेमाल करना सुखद है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अदालत ने कहा है कि अगर पति अपनी पत्नी पर लगातार शक करता है, उसकी आजादी में हस्तक्षेप करता है या उसकी गतिविधियों पर नजर रखता है तो यह गंभीर मानसिक क्रूरता के दायरे में आता है। आखिरकार पति पत्नियों पर क्यों शक करते हैं? इसके मनोवैज्ञानिक कारण हैं। कई बार ऐसा देखा जाता है कि शक की वजह से रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है।**

# आखिर एक-दूसरे पर क्यों शक करते हैं पति-पत्नी

डॉ वरिंद्र भाटिया

देश में पति-पत्नी के आपसी मतभेद या किसी एक साथी के अफेयर के कारण तलाक के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन हाल ही में केरल हाइकोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया है, जिसने वैवाहिक रिश्तों को लेकर नयी बहस छेड़ दी है।

अदालत ने कहा है कि अगर पति अपनी पत्नी पर लगातार शक करता है, उसकी आजादी में हस्तक्षेप करता है या उसकी गतिविधियों पर नजर रखता है तो यह गंभीर मानसिक क्रूरता के दायरे में आता है। आखिरकार पति पत्नियों पर क्यों शक करते हैं? इसके मनोवैज्ञानिक कारण हैं। कई बार ऐसा देखा जाता है कि शक की वजह से रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है।

मनोचिकित्सकों का मानना है कि किसी पर शक करना, चाहे कोई बहुत बड़ी समस्या न हो, पर यह किसी समस्या की ओर पहली सीढ़ी जरूर है। चार बड़े कारण हैं जिसकी वजह से पति पत्नियों पर शक करते हैं।

> अगर पत्नी और पति मैरिज लाइफ में पूरी तरह से कमिटेड हैं, तो बेवजह शक करना बिल्कुल भी सही नहीं है।

सबसे पहले अगर पत्नी पति से कम बात करती है और दूसरे लोगों से बात करते हुए नहीं थकती तो यह पुरुषों के मन में शक पैदा कर देता है। वह किसी को यह बातें बताना पसंद नहीं करते हैं और मन में ही बात रखने की वजह से उनका शक बढ़ता चला जाता है।

अक्सर देखा जाता है कि पुरुष अपनी पार्टनर को किसी दूसरे पुरुष के साथ देख कर जलन महसूस करने लगते हैं। उनकी असुरक्षा की भावना की हद तो तब पार हो जाती है, जब वह अपनी पत्नी के मुंह से दूसरे पुरुष की तारीफ सुनते हैं। यही कारण है कि शादीशुदा महिलाओं को आज भी पुरुष दोस्त होने पर कई तरह से सामाजिक ताने सुनने पड़ते हैं।

तीसरा बिंदु यह है कि अगर कोई महिला हर समय मोबाइल पर लगी रहती है, तो यह किसी भी पति के मन में शक पैदा कर सकता है। पुरुषों का मानना है कि जब उनकी पत्नी चुपचाप मोबाइल पर ज्यादा वक्त बिताती है, तो उन्हें शक होता है, फिर चाहे वह फोन पर कोई गेम ही क्यों न खेल रही हो या फिर वह फोन पर अपना काम कर रही हो।

शादी के बाद पत्नी अपने एक्स से दोस्ती का रिश्ता बरकरार रखती है, तो पति को यह पसंद नहीं आता है। भले ही वह अपने चेहरे पर इस बात को जाहिर न होने दे, लेकिन मन ही मन पत्नी को पुराने प्रेमी के साथ देख कर बहुत बुरा फील करता है। ऐसे में शक घर कर जाता है। इसी तरह से कुछ पत्नियां भी पति पर शक करती हैं। इसके कई कारण देखे जा रहे हैं, जोकि मानसिक क्रूरता को जन्म देते हैं। जैसे कि पति जब काम से थक-हारकर आने के बाद भी मोबाइल पर चैटिंग करने में लगे रहते हैं, तो पत्नियों को शक होने लगता है।

जाहिर है कि यह वह समय होता है जब पत्नी पति के साथ प्यार के कुछ पल बिताना चाहती है और ऐसे में पति का फोन से चिपके रहना पत्नी के शक का कारण बनता है। पतियों को भी बहुत सी दिक्कतें और मानसिक परेशानियां होती हैं। हो सकता है पति अपनी किसी परेशानी के चलते पत्नी से दूरी बना रहे हों, लेकिन इस दूरी को पत्नी शक की निगाह से देखने लगती है। पत्नी का मन जरूर कचोटता है, पर पति की बेरुखी पत्नी को बेवफाई लगनी शुरू हो जाती है।

कुछ पति पत्नी पर हर समय गुस्सा दिखाने लगते हैं, तो दोनों के बीच लड़ाई होना या दूरी बनना शुरू हो जाती है। इस स्थिति में पत्नी को लगता है कि पति की इस नाराजगी और गुस्से का कारण कुछ और ही है।

पति-पत्नी का रिश्ता बेहद अनोखा होता है। दोनों का आपसी प्यार और नोक-झोंक शादी को मजबूत बनाये रखते हैं लेकिन, किसी कारणवश पति पत्नी में रुचि दिखाना, तारीफ करना, गौर करना और बातों पर ध्यान देना बंद कर दे तो पत्नी को इसका कारण पति का किसी और में दिलचस्पी दिखाना लगता है। यह शक की एक बड़ी वजह है।

पतियों का पत्नी के सामने किसी और के बारे में, खासकर किसी लड़की या एक्स गर्लफ्रेंड के बारे में बात करते रहना पत्नी को खूब अखरता है। यह शक की एक बड़ी वजह बनती है। शक करने की प्रवृत्ति को लेकर इतना कहना जरूरी होगा कि पति-पत्नी के रिश्ते में भरोसे का होना बहुत जरूरी होता है।

अगर पत्नी और पति मैरिज लाइफ में पूरी तरह से कमिटेड हैं, तो बेवजह शक करना बिल्कुल भी सही नहीं है। वहीं एक पति या पत्नी का भी फर्ज बनता है कि अगर शुरुआती दौर में उन्हें अपने पार्टनर पर शक की भावना या असुरक्षा महसूस होती है, तो वह उसे आपसी बातचीत से दूर करें।



**मनोचिकित्सकों का मानना है कि किसी पर शक करना, चाहे कोई बहुत बड़ी समस्या न हो, पर यह किसी समस्या की ओर पहली सीढ़ी जरूर है। चार बड़े कारण हैं जिसकी वजह से पति पत्नियों पर शक करते हैं। सबसे पहले अगर पत्नी पति से कम बात करती है और दूसरे लोगों से बात करते हुए नहीं थकती तो यह पुरुषों के मन में शक पैदा कर देता है।**

## कोल्हान की खबरें

## गोलमुरी में भाजपा नेता के कार्यालय में चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के टिनप्लेट संजय सद्भावना मार्केट स्थित भाजपा नेता अप्पा राव के कार्यालय में चोरी की घटना सामने आया है। अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 20-30 हजार रुपये नकद और महत्त्वपूर्ण कागजात लेकर फरार होगया। मिली जानकारी के अनुसार अप्पा राव गुरुवार रात कार्यालय में कुछ समय रुकने के बाद घर चले गये थे। शुक्रवार सुबह कार्यालय खोलने पर ताले टूटा हुआ और सामान बिखरा मिला। मौके पर उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच का आश्वासन देते हुए कहा लिखित शिकायत प्राप्त हो चुकी उचित कार्रवाई की जायेगी। पुलिस आसपास में लगे कैमरा में फुटेज खंगाल रही है।

## विधायक संजीव सरदार की सक्रियता से भूमिज-मुंडा समाज झामुमो के साथ



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को होने वाले मतदान से पूर्व चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है। इस बीच झामुमो विधायक संजीव सरदार लगातार सक्रियता से भूमिज-मुंडा समाज के मतदाताओं को प्रभावित करने में सफल रहे। बीते 25 दिनों से विधायक संजीव सरदार ने घाटशिला, धालभूमगढ़, मुसाबनी और गुड़ाबांधा प्रखंडों के गांवों में जनसंपर्क अभियान चला रहे। वे भूमिज-मुंडा समाज के लोगों से सीधे संवाद कर झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार घाटशिला विधानसभा में लगभग 35,000 भूमिज-मुंडा मतदाता उपचुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। भाजपा के समर्थन में रहने वाला यह समाज का समर्थन अब झामुमो की ओर है। शुक्रवार को घाटशिला, झाटी झरना, गुड़ाझोर, बड़ा खुर्शी, महुलीशोल, कोकपाड़ा सहित अन्य गांव में विधायक संजीव सरदार का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भूमिज समाज के वरीय पदाधिकारी शुभंकर सिंह सरदार ने कहा झामुमो ही समाज को सम्मान दिया। उन्होंने कहा संजीव सरदार समाज के गौरव हैं। वहीं विधायक संजीव सरदार ने कहा भूमिज समाज के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए झामुमो प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना होगा। राजनीतिक जानकारों के अनुसार भूमिज-मुंडा मतदाताओं का यह रुझान उपचुनाव में झामुमो के लिए बड़ा लाभकारी साबित हो सकता है।

### सारंडा वन में नक्सलियों के ठिकानों पर पुलिस और बटालियन की कार्रवाई

# भारी मात्रा में हथियार-विस्फोटक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनोहरपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र स्थित सारंडा वन में झारखंड पुलिस और 209 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम के द्वारा संचालित नक्सल विरोधी अभियान के दौरान भीषण मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, आइइडी, विस्फोटक सामग्री, नक्सली साहित्य और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की। बरामद सामग्री में एसएलआर और .303 राइफल, ए.के.-47 के कारतूस, जिलेटिन पैकेट, तैयार कएऊ डिटोनेटर, रेडियो सेट, लैपटॉप सहित कई उपकरण शामिल हैं। झारखंड पुलिस के अनुसार यह अभियान नक्सलियों के ठिकानों को समाप्त करने के लिए चलाया जा रहा है। इसे भविष्य में और तीव्रता के साथ जारी रखा जायेगा।




## घाटशिला में सैकड़ों ग्रामीणों ने थामा झामुमो का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों से प्रभावित होकर घाटशिला टाउन के सैकड़ों युवाओं और महिलाओं ने शुक्रवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित किया गया। मौके पर झामुमो के महासचिव सह पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और पार्टी प्रत्याशी सोमेश सोरेन उपस्थित रहे। मिथिलेश ठाकुर ने कहा राज्य में हेमंत सरकार विकास को नयी दिशा दी है और सभी वर्गों के लिए लाभकारी योजनाएं लागू की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उपचुनाव में सोमेश सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कौशिक कुमार और धन्यवाद ज्ञापन विक्टर सोरेन ने की। मौके पर तजिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रसंजित सरकार, नटवर गिरी, शुभम सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों झामुमो के समर्थक और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर

## भाजपा जमशेदपुर महानगर मनायेगी राष्ट्रीय उत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इसे राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनायेगी। शुक्रवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी, जिसके बाद सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया जायेगा। श्री ओझा ने बताया स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक भूमिका और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी, संगोष्ठी, निबंध, चित्रकला और कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा यह गीत भारतीय अस्मिता, एकता और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। मौके पर अनिल मोदी, बबुआ सिंह, प्रेम झा, उज्ज्वल सिंह और किशोर ओझा उपस्थित रहे।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सेवानिवृत्त कर्मियों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभागार में सेवानिवृत्त कर्मियों के मासिक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आर.के. सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, बी.के. शर्मा और संयुक्त सचिव अजय भगत उपस्थित रहे। मौके पर यूनियन की ओर से सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए यूनियन के प्रति आभार व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने की। सम्मानित कर्मियों में मोहम्मद कलाम अंसारी, गजावेली श्रीनिवास, निवेदिता चक्रवर्ती, यादव लाल, परशुराम हो, अंकुरा लयांगी, विप्लब चटर्जी, अनुप कुमार मुखर्जी, गुरूपद तिवारी, ओमप्रकाश सिंह, दीपक सोय, विक्टर सामोएल बारला और मोहम्मद कमरूजाम्मा शामिल रहे।

## अफीम की अवैध खेती रोकने के लिए सरायकेला-खरसावां पुलिस का प्री कल्टीवेशन ड्राइव



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में अफीम की अवैध खेती की संभावना को समाप्त करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कुचाई थाना, दलभंगा ओपी, इचागढ़ थाना और कांड्रा थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में ग्राम सभाए आयोजित कर ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्प्रभाव और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी। ग्रामीणों ने अफीम की खेती न करने की शपथ ली और वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किये गये। साथ ही छात्र-छात्राओं को भी विद्यालयों में अवैध खेती और विक्रय निषेध संबंधी जानकारी दी गयी। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को डायल-112 की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया अफीम की अवैध खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी और वैकल्पिक आजीविका को बढ़ावा देने के प्रयास जारी रहेंगे।

## धतकीडीह तालाब में युवक की डूबने से मौत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिस्टुपुर थाना अंतर्गत धतकीडीह तालाब में डूबने से 20 वर्षीय दीपक नाग की मौत हो गयी। दीपक धतकीडीह मुखी बस्ती के निवासी थे। शुक्रवार को घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तालाब से बाहर निकाला गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया दीपक मजदूरी करता था।उसका न किसी से कोई विवाद था न नशे का सेवन करता था। घटना के बाद धतकीडीह मुखी समाज ने प्रशासन और टाटा स्टील से तालाब में स्थायी गॉर्ड तैनाती और जाली लगाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों सके।

## वंदे मातरम केवल गीत ही नहीं, राष्ट्र की पहचान और गौरव का शाश्वत प्रतीक है : मदन केसरी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जीएन कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। एसेंबली में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीयता और संस्कृति का प्रतीक है। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक प्रेरणा स्त्रोत था। आज भी हर भारतीय के दिल में एक विशेष स्थान और आस्था रखता है। वंदे मातरम हमारे देश की गरिमा और उसकी महानता का उद्घोष करता है। देश की सुंदरता और शक्ति का बखान करता है और हमें हमारी मातृभूमि के प्रति गर्व और समर्पण की भावना से ओत प्रोत कर देता है। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुई थी। बाद में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे अपने अमर उपन्यास आनंद मठ में संकलित किया, जो 1882 में प्रकाशित हुई। रविंद्र नाथ टैगोर ने इसे संगीतबद्ध किया था। इस राष्ट्रीय गीत को गाना सभी भारतीयों के लिए एकता, बलिदान और भक्ति के शाश्वत संदेश को फिर से दोहराने का अवसर है, जो वंदे मातरम में समाहित है। इस स्तुति देशगान का एक कविता से राष्ट्रीय गीत बनने तक का सफर औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत की सामूहिक जागृति का उदाहरण है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में खुद को समर्पित कर चुके नेताओं, छात्रों और क्रांतिकारियों ने इसके छंदों से प्रेरणा ली और इसे राजनीतिक सभाओं, प्रदर्शनों और जेलजाने से पहले गाया जाने लगा। इस रचना ने न केवल विरोध के कामों को प्रेरित किया बल्कि आंदोलन में सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक जोश भी भरा, जिससे भारत की स्वतंत्रता संग्राम की राह के लिए भावनात्मक आधार तैयार हुआ। 19वीं सदी के आखिर और 20वीं सदी की शुरूआत में बढ़ते भारतीय राष्ट्रवाद का नारा बन गया- वंदे मातरम। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, विकास कुमार, नीराशर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, चंदा कुमारी, शिवानी कुमारी, वर्षा कुमारी, ऋषभ कुमार, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। वहीं, कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक कृष्ण कुमार एवं दिनेश कुमार, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक विकास कुमार ने की।

## यूनियन बैंक संचालक पर नियम तोड़ने का आरोप




**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रारो गांव निवासी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एक ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालक संतोष प्रजापति द्वारा ग्राहकों से मनमाना शुल्क वसूलने और आवंटन नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार यूनियन बैंक ने संतोष प्रजापति को यह सीएसपी रारो पंचायत के निवासियों को सहज बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वीकृत किया था। पर उन्होंने बैंक के स्पष्ट दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए इस सेवा केंद्र को लवाहीकला में संचालित कर रखा है, जबकि लवाहीकला में पहले से ही बैंक की शाखा मौजूद है और वहीं सीएसपी बैंक शाखा के उन्होंने उसके ठीक सामने खोल रखा है। इस अनियमितता के कारण रारो के ग्रामीणों को वह सुविधा नहीं मिल पा रही है जिसके लिए यह सीएसपी स्वीकृत किया गया था। इससे रारो के ग्रामीणों को मिलने वाली मूलभूत बैंकिंग सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। साथ ही संचालक द्वारा ग्राहकों से नकद निकासी पर मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। बैंकिंग नियमों के अनुसार, सीएसपी को निकासी पर ग्राहक से शुल्क लेने की सख्त मनाही है। क्योंकि इसके लिए उन्हें बैंक से कमीशन मिलता है। संचालक ने खुद एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला है, जिसमें वह खुले तौर पर वसूली की दरें बता रहा है। यह वीडियो सीएसपी संचालक द्वारा किए जा रहे अवैध आर्थिक दोहन और नियमों के घोर उल्लंघन का ठोस प्रमाण है। स्थानीय निवासियों ने इस गंभीर मामले में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने, संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने मांग की है। इधर, इस मामले में जब लवाहीकलां यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक से पक्ष लेने की कोशिश की गई, तो उन्होंने किसी भी तरह का पक्ष देने से इंकार कर दिया।

### एसपी ने किया श्री बंशीधर नगर थाना का निरीक्षण, पुराने मामलों की समीक्षा की

# अपराध पर नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास होने चाहिए: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर थाना का निरीक्षण किया। थाने पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद गर्ल्स हाईस्कूल की छात्राओं ने वंदे मातरम गान प्रस्तुत किया। एसपी ने थाना परिसर में लग रहे फेवर ब्लॉक का निरीक्षण किया। साथ ही महिला थाना कक्ष, हाजत, कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य कमरों का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कमरे में रखे सामान और उनके उपयोग के उद्देश्य की जानकारी ली। थाना परिसर की साफ-सफाई देखकर उन्होंने सराहना की। इस दौरान एसपी ने पुलिस अफसरों के साथ लंबित और पुराने मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अनुसंधान कार्य, जांच प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया। पुराने केसों के निष्पादन में तेजी लाने एवं शीघ्र समाधान के निर्देश दिये। साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर प्रभावी कार्रवाई करने पर बल दिया। एसपी ने थाना के मालखाना में रखे गये पुराने वाहनों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि जिन वाहनों से संबंधित मामलों का निपटारा हो गया है, उनके लिये व्यवहार न्यायालय से आदेश लेकर केसों का डिस्पोजल कर आगे की कार्य को किया जाय। कहा कि अन्य थानों में भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाय ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके। वाहन जांच के दौरान चालान प्रक्रिया पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में चालान जमा करने के लिये लोगों को डीटीओ कार्यालय जाना पड़ता है। क्योंकि थाने में पीओएस मशीन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में हेडक्वार्टर को सूचना भेजी गई है, ताकि पीओएस मशीन मिलने के बाद चालान पीओएस मशीन के माध्यम से थाने में जमा किये जा सकें। इस दौरान एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पुअनि संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, अमित प्रशांत, शशिकांत शुक्ला, सअनि संजय कुमार पासवान, अनुज कुमार सिंह, लवकेश कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, कौशल कुमार दुबे, बब्लू मरांडी सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



श्रीबंशीधर नगर थाने का निरीक्षण करते एसपी अमन कुमार।

## झारखंड स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में 11 को होगी सामूहिक दौड़

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर पूरे राज्य में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत गढ़वा में भी कई आयोजन प्रस्तावित हैं। इन्हीं कार्यक्रमों के क्रम में 11 नवंबर को 'रन फॉर झारखंड' सामूहिक दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को डीसी दिनेश कुमार के निर्देश पर एसडीएम संजय कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया। कार्यक्रम को भव्यता और पूरे उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने बताया कि यह सामूहिक दौड़ सुबह सात बजे जिला समाहरणालय के पास अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा पार्क से प्रारंभ होकर नगर भवन स्थित शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर पार्क तक आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनसीसी कैडेटों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी स्वैच्छिक भागीदारी की अपेक्षा की गई है। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, अंचल अधिकारी शफी आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, नगर प्रबंधक ओंकार यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि 12 नवंबर को खेलकूद, भाषण, विज्ञान प्रतियोगिता आदि प्रस्तावित है, जबकि 13 नवंबर को साइकिल रैली और 14 नवंबर को पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। 15 नवंबर को जिले का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## आदिवासी महिला शिक्षिका को अपमानित करने का आरोप, कई शिकायतों के बाद भी नहीं मिला न्याय



**कांडी (आजाद सिपाही)।** एक ओर सरकार महिलाओं और आदिवासी वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नीतियां और योजनाएं लागू कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर कांडी प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय कांडी की पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बखला उसी प्रशासनिक संवेदनहीनता और विभागीय उदासीनता की मार झेलने को मजबूर हैं। आदिवासी महिला शिक्षिका विद्यानी बखला ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में पदस्थापित कुछ शिक्षक उन्हें लगातार जातिगत अपमान और मानसिक प्रताड़ित करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि साल 2022 में जब उन्हें विद्यालय का प्रभार दिया गया, तभी से कुछ शिक्षक दलित-आदिवासी महिला होने के कारण उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते थे। डराने-धमकाने का प्रयास करते थे। इस मामले को लेकर विद्यानी बखला ने हर जगह न्याय की गुहार लगायी, लेकिन कहीं से न्याय नहीं मिला। अंत में उन्होंने विभागीय कार्रवाई से निराश होकर अब भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल एवं विधायक कल्पना सोरेन को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। शिक्षिका के अनुसार, विद्यालय के कुछ शिक्षकों को टीजीटी शिक्षक अलाउद्दीन (उच्च विद्यालय हरिहरपुर, प्रतिनियुक्ति डाइट रेहला) और आदित्य प्रसाद गुप्ता (प्रभारी, शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर) का संरक्षण प्राप्त था। इसी का फायदा उठाकर सारी जालसाजी की गयी और अंत में उन्हें फंसा दिया गया। जिसका पूर्व में भी विभागीय उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई है। विद्यानी बखला ने कहा कि मैंने हर दरवाजा खटखटाया, लेकिन मुझे हर जगह से केवल आश्वासन मिला। आरोपी शिक्षक सबूतों के बावजूद खुलेआम घूम रहे हैं।

## रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिहार में एनडीए प्रत्याशी रितुराज के पक्ष में किया प्रचार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए झारखंड के पूर्व स्वास्थ्यमंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी शुक्रवार को घोसी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने, बंधुगंज, देवरा मठ, छोटकी मठ, लौकूनपुर शादीपुर जनतपुर दौलतपुर दोहड़ी, मुबारकपुर, भदसारा मठ आदि शक्तियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए प्रत्याशी रितुराज कुमार के पक्ष में प्रचार किया और क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास के बारे में बताते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



## झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य के बेटे के जन्म दिन पर गरीबों के बीच कंबल बांटा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पूर्व 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नीतेश कुमार सिंह के छोटे पुत्र तेजश सिंह ने अपने जन्मदिन की खुशियों को जरूरतमंदों के साथ बांटने का संकल्प लिया। उन्होंने गढ़वा सदर अस्पताल में जाकर ठंड से जूझ रहे गरीब और असहाय लोगों के बीच गरम कंबल का वितरण किया। यह कदम न सिर्फ एक नेक पहल है, बल्कि यह दर्शाता है कि युवा पीढ़ी में संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना कितनी प्रबल है। तेजश सिंह के इस कार्य ने समाज को यह संदेश दिया कि सच्चा उत्सव खुद की खुशी से अधिक, दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में निहित है।

## दुष्कर्म के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे एक आरोपी के घर शुक्रवार को इश्तिहार चिपकाया है। जानकारी के अनुसार, उत्तरी सगमा प्रखंड के सोनडीहा गांव निवासी बसीर अंसारी पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप है। पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर एवं मस्जिद के पास ढोल बजाकर इश्तिहार चिपकाया। थाना प्रभारी जनार्दन राऊत ने बताया कि बसीर अंसारी धुरकी थाना कांड संख्या 108/2025 का वांछित अपराधी है। उसके खिलाफ पिछले छह अगस्त को कटहर कला गांव की एक महिला ने जंगल में अकेला देखकर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद से वह फरार है। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा बसीर अंसारी के खिलाफ वारंट जारी किया गया है, जिसके तामिला के लिए पुलिस टीम ने गांव के मुख्य स्थानों सोनडीहा चौक, मदरसा परिसर और आरोपी के घर के समीप ढोल बजाते हुए इश्तिहार चस्पा किया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को आत्मसमर्पण करने के लिए समय सीमा दी गई है। निर्धारित समय सीमा में आत्मसमर्पण नहीं करने पर उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

## नये बीडीओ सह सीओ से मिले झामुमो नेता, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कार्यालय पहुंचकर नए बीडीओ सह सीओ सतीश भगत से शिष्टाचार मुलाकात की। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष डॉ हरिदास प्रसाद यादव के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र और बंशीधर जी की प्रतिमा भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान डॉ यादव ने प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से बीडीओ को अवगत कराया और जल्द समाधान की मांग रखी। बीडीओ सतीश भगत ने भरोसा दिलाया कि प्रखंड में जो भी अधूरे विकास योजनाएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना ही उनकी पहली प्राथमिकता है, ताकि आम जनता को सीधा लाभ मिल सके। इस मौके पर चंद्रमाणि यादव, बसंत पाल, गोरख विश्वकर्मा (प्रखंड सचिव), राकेश पांडेय, हजारी प्रसाद यादव, कटहरकला पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव, देवचन यादव, रामलखन बैठा, अजय राम, जीवराखन यादव, अहमद अंसारी, कामेश्वर राम, गणेशी बैठा, पवन सिंह और विनोद ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–152/2025

आम इस्तेहार

आवेदक रामचन्द्र भगत वो बुधराम उरांव वो नागेश्वर भगत तीनों के पिता–स्व0 बिरवा भगत वो कमल किशोर भगत वो आनन्द किशोर भगत वो दिलीप भगत तीनों के पिता–स्व0 पुरन भगत वो किशुन भगत वो डहरू भगत वो महेन्द्र भगत तीनों के पिता–स्व0 चरनु भगत, सभी निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 224 | 1069 | 0.06 |
| | | 1072 | 0.15 |
| | | 1076 | 0.56 |
| | | 1087 | 0.56 |
| | | 1085 | 0.72 |
| | | | **2.05** |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 365470 (District)25-26*D

# देश का स्वाभिमान, गौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है 'वंदे मातरम': अलखनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता


**गढ़वा।** वंदे मातरम रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को आरके पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कालजयी 'वंदे मातरम' रचना के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि वंदे मातरम देश की राष्ट्रीय एकता, गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। देश की आजादी के आंदोलन में वंदे मातरम के नारे ने देशवासियों में देशभक्ति का संचार किया और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। सात नवंबर 1875, अक्षय नवमी के दिन इस गीत की रचना हुई और आज पूरे देश में 150 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने इस कालजयी रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर गढ़वा वासियों के साथ पूरे देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त किया। इस ऐतिहासिक गौरवशाली दिन पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पेंटिंग, भाषण, सामूहिक गायन, निबंध, रंगोली और देशभक्ति प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस मौके पर प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पाण्डेय, अनिता सिन्हा, गीता पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, नंदलाल गुप्ता, एसडी सिंह, संजय कुमार, धीरज पाण्डेय, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे और पूनम राय आदि उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में हुआ सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय और इसके अधीन संचालित विभिन्न कॉलेजों एवं विभागों की ओर से 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य देशभक्ति, एकता एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक स्वर में 'वन्दे मातरम' का गायन कर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस अवर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय चेतना, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की थी और आज भी यह हमें एकता, समरसता और राष्ट्रनिर्माण के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। वहीं, कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि 'वन्दे मातरम' का 150 वर्ष पूरा होना केवल एक ऐतिहासिक अवसर नहीं, बल्कि हमारे लिए गर्व का क्षण है, जो हमें हमारे गौरवशाली अतीत और राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ता है। कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों में देश के प्रति गर्व, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करता हैं। इस मौके पर विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षकगण, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अजय भूषण प्रसाद एवं उप कुलसचिव डॉ कमल कुमार, सहायक कुलसचिव, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फार्मेसी, इंजीनियरिंग विभाग, डेंटल कॉलेज, लॉ कॉलेज आदि के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डंडई थाना परिसर में हुई राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन



**डंडई (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने पर डंडई थाना परिसर में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने कहा कि वंदे मातरम देश की आत्मा और एकता का प्रतीक है। इसका 150 वर्ष पूरे होना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव को आगे बढ़ाया जाए। इस दौरान पुलिस अवर निरीक्षक श्रीकांत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक की कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र राय, वायरलेस ऑपरेटर उपेंद्र यादव, रामानंद यादव आदि उपस्थित थे।

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (2nd Call)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–06/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 07.11.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड चंदवा अन्तर्गत कामता (चटवाग) में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55,50,000.00 | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11/11/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 18/11/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 19/11/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 365519 Building(25-26)#D

## लोहरदगा में 13 थाना प्रभारियों का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा जारी आदेश संख्या 1458/2025, ज्ञापांक 5822/गो0, दिनांक 06 नवंबर 2025 के तहत जिले के 13 पुलिस पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। आदेश के अनुसार कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार को लोहरदगा थाना में पदस्थापित किया गया है, जबकि डीसीबी शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से अजीत कुमार को कुडू थाना का प्रभार सौंपा गया है। वही सेन्हा थाना प्रभारी वारिस हुसैन को पुलिस केंद्र, लोहरदगा में पदस्थ किया गया है, जबकि भंडरा थाना के नीरज झा को सेन्हा थाना प्रभारी का दायित्व दिया गया है। जोबांग थाना प्रभारी हर्षवर्धन कुमार सिंह को नोडल पदाधिकारी, न्यायाधीश-प्रथम कोर्ट, लोहरदगा बनाया गया है। किस्को थाना प्रभारी सुमन मिन्ज को जोबांग थाना प्रभारी, प्रभारी अभियोजन शाखा के मानस कुमार साधु को किस्को थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। सेरेंगदाग थाना प्रभारी रामाशीष यादव को कुडू थाना भेजा गया है, जबकि नोडल पदाधिकारी माननीय न्यायाधीश प्रथम कोर्ट के नरेश कुमार यादव को सेरेंगदाग थाना प्रभारी बनाया गया है। महिला थाना प्रभारी जेनी सुधा तिग्गा को सीसीआर/ मीडिया सेल/ डायल 112 में पदस्थ किया गया है, वहीं महिला थाना की बिनीता हेम्ब्रम को महिला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। एससी/एसटी अहतु थाना प्रभारी अमित कुमार मुर्मू को लोहरदगा थाना में स्थानांतरित किया गया है और प्रभारी हिंदी शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लक्ष्मण हांसदा को एससी/एसटी अहतु थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर शीघ्र योगदान दें और कार्यभार ग्रहण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## जनजातीय गौरव दिवस आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक : सुदर्शन भगत

**जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सासंद लोहरदगा के सुदर्शन भगत ने कहा कि आज हम सब यहां एक ऐतिहासिक अवसर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एकत्र हुए हैं। यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की आदिवासी अस्मिता, संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा भारत के उन महान विभूतियों में से हैं जिन्होंने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जनआंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने अबुआ दिशोम अबुआ राज यानी हमारा देश, हमारा राज का नारा दिया। उनका संघर्ष जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए था जो आज भी हमारे अस्तित्व की पहचान है। बिरसा मुंडा ने यह दिखाया कि जब कोई व्यक्ति समाज के लिए जीता है, तो उसकी उम्र नहीं, बल्कि उसके विचार अमर हो जाते हैं।

पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहली बार देश ने 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाना आरम्भ किया। यह हमारे आदिवासी समाज को सम्मान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनजातीय समाज के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलायी हैं। जिसमें एकलव्य मॉडल स्कूल ताकि हमारे बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। वन धन योजना ताकि हमारे वन उत्पादक आत्मनिर्भर बनें। प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन ताकि गांव-गांव में रोजगार और सशक्तिकरण पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज देशभर में बिरसा मुंडा संग्रहालय की स्थापना किये गये है ताकि नयी पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सके। हमारा जनजातीय समाज भारत की आत्मा है। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि हमारी जड़ें गहरी हैं, हमारी विरासत महान है, और हमारा भविष्य उज्ज्वल है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम उनके आदर्शों को जीवन में अपनायेंगे, अपने समाज को शिक्षा, रोजगार और संस्कार के मार्ग पर आगे बढ़ायेंगे। कार्यक्रम में रामदेव सिंह पूर्व जिले परिषद सदस्य, महेश सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य, मंडल अध्यक्ष बालूमाथ लक्ष्मण कुशवाह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, युवा मोर्चा पलामू प्रभारी रघुबीर यादव, परशुराम लोहारा (प्रमुख), ईश्वरी सिंह, पवन गुप्ता विधायक प्रतिनिधि, अनिल सिंह समेत कई लोग शामिल हुए।

## अपराध और उग्रवाद नियंत्रण पहली प्राथमिकता : नीरज झा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में नीरज झा ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तत्कालीन थाना प्रभारी वारिश हुसैन से विधिवत रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण के दौरान थाना परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के कर्मी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद नये थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि उनका पहला लक्ष्य थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं उग्रवाद पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों के कारोबार या शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग का रिश्ता मजबूत किया जायेगा ताकि हर नागरिक बेझिझक अपनी शिकायतें दर्ज करा सके। जनता के साथ बेहतर संवाद और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से पुलिस की छवि और प्रभाव को सकारात्मक दिशा में ले जाना मेरा उद्देश्य रहेगा। इस अवसर पर पूर्व थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने नवनियुक्त प्रभारी को शुभकामनाएं दीं और थाना क्षेत्र में अब तक किये गये कार्यों की जानकारी साझा की।

## उग्रवाद और मादक पदार्थों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जायेगी : मानस कुमार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को थाना में शुक्रवार को नये थाना प्रभारी के रूप में पुअनि मानस कुमार साधु ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तत्कालीन थाना प्रभारी सुमन मिंज से औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण के दौरान थाना परिसर में सादे किंतु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारी, थाना कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी मानस कुमार साधु ने कहा कि किस्को थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, उग्रवाद या मादक पदार्थों के व्यापार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस के साथ मिलकर शांति और सद्भाव का वातावरण बनाये रखें। मानस कुमार साधु ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण और जनता की सुरक्षा के लिए सामुदायिक पुलिसिंग को और सशक्त किया जाएगा ताकि हर व्यक्ति पुलिस पर भरोसा महसूस करे। उन्होंने कहा कि थाने के द्वार आम लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।

## डीसी ने रैयतों की जमीन मापी कराकर भुगतान सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एनएच-143ए अंतर्गत लोहरदगा बाइपास तथा एनएच-75 अंतर्गत कुडू-उदयपुरा पथ परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि से जुड़े रैयतों के मुआवजा भुगतान से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन रैयतों के अभिलेख स्पष्ट हैं और जिन्होंने मुआवजा भुगतान हेतु सहमति दी है, उन्हें शीघ्र भुगतान किया जाये। जिन रैयतों की भूमि की मापी अभी लंबित है, उनकी मापी कराकर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिन रैयतों की मापी पूरी हो चुकी है पर भुगतान लंबित है, उनका भुगतान शीघ्रता से निष्पादित करने को कहा गया।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि जो रैयत अभी भी मुआवजा राशि से असहमत हैं, उनके मामलों को भूमि अधिग्रहण न्यायालय में भेजे जाने हेतु आवश्यक अभिलेख तैयार किए जाएं। सभी मौजों से 15 दिनों के भीतर अप्राप्त अभिलेख प्राप्त करने का सख्त निर्देश भी दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, कार्यपालक अभियंता (विद्युत, पथ प्रमंडल एवं राष्ट्रीय उच्च पथ) तथा अंचल अधिकारी सेन्हा, किस्को, कुडू और भंडरा उपस्थित थे।

## लोहरदगा में 24 गाड़ियों से 35.5 हजार जुर्माने की वसूली

**डीटीओ ने कहा बिना कागजात और नियम तोड़ने वालों पर सख़्त कार्रवाई होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए शहरी क्षेत्र के कचहरी चौक, समाहरणालय चौक, शंख पिकेट समेत अन्य स्थानों पर जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी , कृष्णा कुमार एवं ट्रैफिक दल बल द्वारा दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन एवं भारी वाहनों को जांच किया गया। जांच के दौरान वाहनों में प्रेशर हॉर्न, बिना हेलमेट बाइक चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गयी। तत्काल वाहनों से प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर को हटाने की चेतावनी दी गयी। चेतावनी के बावजूद फिर प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करते पकड़े जाने पर वाहन को जप्त कर कारवाई करने की चेतावनी दी गयी। इस दौरान चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले चालकों को भी परिवहन विभाग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा गया। जांच के क्रम में कुल 24 गाड़ियों से 35500 का फाइन वसूली की गयी। डीटीओ जया शंखी मुर्मू ने कहा कि, विभाग द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। कहा कि अभियान का उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहनों को नियमबद्ध करना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## अजित कुमार ने कुडू थाना प्रभारी के रूप में पदभाग ग्रहण किया



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना में शुक्रवार को अजित कुमार ने नए थाना प्रभारी के रूप में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तत्कालीन थाना प्रभारी मनोज कुमार से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद नये थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखना, अपराध और नशे पर रोक लगाना, तथा शांति एवं सौहार्द कायम रखना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और संवाद को मजबूत किया जायेगा, ताकि हर नागरिक निडर होकर अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचा सके। मौके पर एसआइ सब्बिरुद्दीन अंसारी, हेमंत कुमार, सोमा उरांव, अनिल कुमार सिंह, लवकुश सिंह, आसुतोष कुमार सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में डीडीटी छिड़काव नहीं, मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ प्रखंड में इन दिनों मच्छरों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। जगह-जगह मलेरिया, वायरल बुखार और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। हालात ये हैं कि कई गांवों में एक ही परिवार के कई सदस्य बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस स्थिति के लिए पूरी तरह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही जिम्मेदार है। क्षेत्र में लंबे समय से डीडीटी छिड़काव नहीं किया गया, जिसके कारण मच्छरों की संख्या बेकाबू हो चुकी है। पहले हर साल विभाग घर-घर जाकर डीडीटी छिड़कता था, अब एक साल से कोई नहीं आया, स्थानीय निवासी राजू उरांव ने बताया। उन्होंने कहा कि मच्छर इतने बढ़ गये हैं कि शाम होते ही लोग घरों में बंद रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के अधिकारी सिर्फ बैठकों और रिपोर्टों में सफाई का दावा करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। स्वास्थ्य विभाग न तो दवा छिड़काव कर रहा है, न ही जागरूकता अभियान चला रहा है। बढ़ते संक्रमण को लेकर लोग डरे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि तुरंत डीडीटी छिड़काव शुरू किया जाये, गांवों में साफ-सफाई और फॉगिंग की व्यवस्था की जाये, ताकि मच्छरों के प्रकोप से राहत मिल सके।

## डीसी ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा इवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में रखे गये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल उपकरणों की भौतिक स्थिति, रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था एवं रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर के अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत और सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## एसएसबी 32वीं बटालियन का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 32वीं बटालियन का 20वां स्थापना दिवस आज लातेहार स्थित डालडा फैक्ट्री परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और देशभक्ति गीतों से हुई, जिसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान एसएसबी 32वीं बटालियन के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह ने कहा कि एसएसबी की स्थापना देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के लिए हुई थी। उन्होंने बताया कि एसएसबी ने असम के हौली क्षेत्र में अपनी पहली इकाई 'न्यूक्लियस कंपनी' के रूप में कार्य शुरू किया था और आज यह देशभर में आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ मोर्चे पर मजबूती से डटी हुई है।

उन्होंने आगे कहा कि लातेहार जिले में तैनाती के बाद एसएसबी 32वीं बटालियन ने नक्सलियों से कई बार सीधी मुठभेड़ की, कई हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार किया और कई को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। एसएसबी के जवानों ने न केवल नक्सल उन्मूलन में अहम भूमिका निभाई है बल्कि स्थानीय लोगों के साथ संवाद और विकास कार्यों में भी सहयोग किया है।

स्थापना दिवस पर जवानों ने देशभक्ति गीतों के साथ शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। साथ ही जंगलों में नक्सल अभियान के दौरान किस प्रकार ऑपरेशन चलाया जाता है, इसका भी प्रदर्शन किया गया, जिसे देख उपस्थित लोग गर्व से भर उठे।

समारोह में एसएसबी के अधिकारी, जवान एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लावागड़ा के मजदूर की बनारस में मौत

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चिरु पंचायत अंतर्गत लावागड़ा ग्राम (पतराटोली) का एक 31 वर्षीय मजदूर पवन भुइयां पिता भरोसी भुइयां की मौत बनारस में हो गयी है। जिसका शव शुक्रवार को उसका पैतृक गांव लावागड़ा पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीण व परिजनों के मुताबिक बताया गया कि यह युवक दीपावली बिता कर बनारस के ईंट भट्ठा में काम करने गया था। बताया गया कि बुधवार को ईंट भट्ठा के आसपास एक दुकान में समान लेने गया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल में ही मौत हो गयी। वाहन फरार हो गया। इसकी जानकारी ईंट भट्ठा के मालिक ने लेबर सरदार को दिया। सरदार द्वारा परिजनों को जानकारी दी और सरदार ने परिजनों को साथ में लेकर बनारस गया और शव को गांव लाया। मृतक अपने पीछे दो बालक पुत्री छोड़ गया।

## सेवा भारती और जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने उपायुक्त की पहल का किया स्वागत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती एवं जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने लोहरदगा उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद्र द्वारा सरकारी अस्पतालों में पारदर्शिता लाने की दिशा में उठाये गये कदम का स्वागत किया है। उपायुक्त ने जिला के सभी सरकारी अस्पतालों में लगाये गये सीसीटीवी कैमरों को अपने चेंबर एवं सीसीआर कंट्रोल रूम से सीधे जोड़े जाने का निर्देश दिया है, जिससे अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सीधी निगरानी रखी जा सकेगी। इस पहल को सराहनीय बताते हुए सेवा भारती एवं जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि उपायुक्त द्वारा उठाया गया यह कदम स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे मरीजों की परेशानी कम होगी और बाहरी तत्वों की गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा। श्री सर्राफ ने उपायुक्त से यह भी आग्रह किया कि जिस प्रकार स्वास्थ्य विभाग में सुधार के लिए ठोस कदम उठाये गये हैं, उसी प्रकार शिक्षा विभाग में भी सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई बाधित होती है, जिससे अभिभावकों का रुझान निजी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है, जो चिंता का विषय है। उपायुक्त की इस पहल का स्वागत करने वालों में डॉ. कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, अनामिका भारती, सुबोध महतो, मृत्युंजय कुमार, शिवप्रसाद राजगढ़िया, किशोर बंका, शुभम शर्मा, निखिल सर्राफ, हर्षित सोनी, अतुल सर्राफ, आशीष अग्रवाल, राजू साहू, श्रवण साहू सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के किसान उत्पादक संघटन कार्यालय में शुक्रवार को किसान उत्पादन कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में तथा भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के सहयोग से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरसों बीज वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को नि:शुल्क सरसों का बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि से दीपद्वार कंपनी के प्रबंध निदेशक गौतम पटेल, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधक (एटीएम) सपना कुमारी, जेइ अजित यादव सामाजिक जागरूकता पदाधिकारी अनिल कुमार निजाम मियां, अनिल प्रसाद, अजीत यादव, मंटू कुमार, संतोष सिंह अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने किसानों को संगठित होकर खेती करने और आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक कंपनियां किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम हैं। मौके पर आसपास के काफी संख्या में किसान शामिल थे।

## मिरगी से चीरोपाठ को जोड़ने वाली सड़क अधूरी, ग्रामीण परेशान

**6 किलोमीटर सड़क के लिए ग्रामीणों को 32 किलोमीटर घूमना पड़ता है**

**आक्रोशित लोगों ने कहा वन विभाग पर मनमानी का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड के मिरगी से चीरोपाठ को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से अधूरी पड़ी है। महज 6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण वन विभाग की आपत्तियों के कारण रुक गया है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना लगभग 32 किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क बन जाये, तो महुआडांड़ से चीरोपाठ की दूरी घटकर सिर्फ 15 किलोमीटर रह जायेगी, जिससे स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंच आसान हो जायेगी। लेकिन वन विभाग की मनमानी और अड़ियल रवैये के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि 'वन विभाग न खुद निर्माण करता है, न दूसरे विभागों को करने देता है। जब भी कोई एजेंसी काम शुरू करती है, विभाग वन भूमि का हवाला देकर काम रुकवा देता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है – कीचड़ और गड्ढों से भरी पगडंडियों पर चलना मुश्किल हो जाता है। लगातार उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे।इस संबंध में वनपाल कवर गंजू ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या से हम अवगत हैं। बहुत जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा, जिससे लोगों की परेशानी दूर होगी। वहीं वन विभाग के अधिकारी कुणाल कुमार ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से संपर्क जारी है और बहुत जल्द इस समस्या से ग्रामीणों को राहत दिलाने की दिशा में कदम उठाये जायेंगे।

## एसआइआर के अनुरुप मतदाता पुनरीक्षण करें : बीडीओ



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में भंडरा प्रखंड के बिशनपुर विधानसभा अंतर्गत आने वाले बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से एसआइआर के तहत हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि सभी बीएलओ निर्वाचन आयोग द्वारा एसआइआर में जो भी निर्देश दिये है। उसके अनुरुप मतदाता पुनरीक्षण कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने एसआइआर कार्य की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची, मैपिंग में जो भी कमियां है। उसे त्वरित दूर करने का निर्देश दिया है। साथ उन्होंने एसआइआर मतदाता सूची का मैपिंग कार्य की समीक्षा करते हुए जो भी त्रुटियां हैं उसे दूर करने को लेकर आवश्यक जानकारी भी दिया। मौके पर गौरव गिरीश ने कहा कि मतदाता प्रशिक्षण कार्य के दौरान कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं है। सभी बीएलओ फिर के तहत दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यों में सुधार लाये।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# राहुल गांधी का देवघर एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** शुक्रवार को लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का बाबा बैद्यनाथ की पावन भूमि देवघर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वे बिहार के अमरपुर विधानसभा एवं भागलपुर में आयोजित जनसभाओं में शामिल होने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर कुछ क्षण के लिए रुके। इस अवसर पर देवघर जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने राहुल गांधी को बाबा बैद्यनाथ का अंगवस्त्र, मंदिर का प्रसाद एवं भारतीय संविधान की प्रति भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राहुल गांधी ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया और बाबा बैद्यनाथ से देश की खुशहाली और एकता की कामना करने की बात कही। उनके आगमन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखा गया।

# सीओ के वाहन चालक को नहीं मिला मानदेय, इलाज के अभाव में पत्नी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** सरकारी तंत्र की लापरवाही और भुगतान प्रणाली की सुस्ती ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। छतरपुर अंचल अधिकारी के चालक मिथलेश कुमार की पत्नी और वार्ड संख्या 8 की सदस्य मनीषा कुमारी (32 वर्ष) की इलाज के अभाव में मौत हो गयी। मनीषा कुमारी पीपरा प्रखंड के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत लभरा गांव की निवासी थीं। वे पिछले दो महीने से रांची रिम्स में इलाजरत थीं और अपेंडिस जैसी बीमारी से जूझ रही थीं। आर्थिक तंगी के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो सका। बीते गुरुवार को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। पीछे उन्होंने दो बच्चों के अलावे मात्र तीन महीने के दुधमुंहे बच्चे को छोड़ दिया। पीड़ित चालक मिथलेश कुमार ने पत्नी की गंभीर स्थिति को देखते हुए अंचलाधिकारी, उपायुक्त तथा मुख्य सचिव तक आवेदन देकर जून 2023 से अब तक लंबित दैनिक मानदेय भुगतान की गुहार लगायी थी। मगर अधिकारियों की उदासीनता और प्रक्रिया के जाल में वह गुहार अनसुनी रह गयी। आखिरकार, पैसे के अभाव में इलाज अधूरा रह गया और मनीषा की जिंदगी की डोर टूट गयी।



मनीषा के मृत्यु पर और रोती बिलखती परिजन।

इस दर्दनाक घटना पर उप प्रमुख उपेंद्र कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, बसपा नेता रविरौशन कुमार, चितरंजन दास, मनोज यादव, शिक्षक इंद्रजीत राम, उदय राम, संजय राम, सहित कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता की करुण कहानी है। लोगों ने सरकार से तत्काल मानदेय भुगतान करने तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं न्याय देने की मांग की है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देवघर में भाजपा ने कार्यक्रम का किया आयोजन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला इकाई द्वारा वीर कुंवर सिंह चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सचिन रवानी के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गाकर राष्ट्रभक्ति की अलख जगायी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि आज हम सबने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर वीर कुंवर सिंह चौक पर हाथों में तिरंगा लेकर सामूहिक वंदे मातरम गाकर देशभक्ति की मिसाल कायम की है। यह कार्यक्रम आगे भी निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर वंदे मातरम का जयघोष किया। पूरा वातावरण देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा। इस मौके पर प्रमुख रूप से संजीव जजवाड़े, गौरी शंकर शर्मा, अधीर भैया, नवल राय, रीता चौरसिया, दिवाकर गुप्ता, सचिन सुल्तानिया, विजया सिंह, ममता गुप्ता, रवि तिवारी, प्रज्ञा झा, धनंजय तिवारी, सोना धारी झा, बबलू पासवान, धनंजय खवाड़े, मुकेश पाठक, जयप्रकाश सिंह, अशोक यादव, महेंद्र भोक्ता, रवि रवानी, सुधीर सोनी, विश्वनाथ रामानी, ललन मिश्रा, विष्णु रावत, दिलीप यादव, सतनारायण रामानी, अलका सोनी, चंपा घोष, मीणा झा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मध्य विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के मध्य विद्यालय परिसर में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मी एक साथ खड़े होकर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने कहा कि यह आयोजन मातृभूमि के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ-साथ देश की एकता, समर्पण और बलिदान की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करेगा। शिक्षिका सुषमा पांडे ने कहा कि वंदे मातरम न केवल एक गीत है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति गर्व की भावना और अधिक प्रबल होगी।कार्यक्रम में शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, मो जुबैर अंसारी,राजेश कुमार सिन्हा,प्रमोद मेहता,शिक्षिका आशा कुमारी, पूनम कुमारी, बीएड प्रशिक्षु समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहें।

## नगर आयुक्त ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का किया औचक निरीक्षण

# ठोस कचरा के निबटारे पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** नगर आयुक्त ने शुक्रवार को सहायक नगर आयुक्त एवं नगर प्रबंधक के साथ देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने प्लांट की कार्यप्रणाली, कचरा प्रोसेसिंग की स्थिति एवं स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित बिंदुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की निरीक्षण में पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है, जबकि शेष 40 प्रतिशत कार्य अभी लंबित है। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि शेष कार्य एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही आरडीएफ के डिस्पोजल कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि आरडीएफ का निस्तारण सात दिनों के भीतर पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि कचरा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वच्छता रैंकिंग को प्रभावित कर सकती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए प्लांट प्रबंधन को सभी कार्यों में तेजी लाने एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल देने को कहा। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि कचरा छंटाई, प्रोसेसिंग, फ्छ्क्ष्र निस्तारण और कंपोस्टिंग कार्य मानक के अनुरूप किए जाएं ताकि देवघर नगर निगम स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त और नगर प्रबंधक ने भी विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा समयसीमा में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने पर बल दिया।

नगर आयुक्त ने अंत में कहा कि जो अधिकारी और कर्मी समय पर कार्य पूरा करेंगे उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जसीडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर पावर हाउस के पास बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद भलजोरा गांव निवासी शिवनंदन राय उम्र 52 को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बुलेट सवार मानिकपुर निवासी अनूप बरनवाल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल के वार्ड में भर्ती कर लिया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब साइकिल सवार सड़क पार कर रहा था।

# लायंस क्लब मधुपुर यूनिट ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण




**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी की ओर से सामाजिक सेवा के तहत स्टेशन परिसर समेत सकुर्लेटिंग एरिया में ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से असहाय एवं गरीब लोगों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष अर्फी नाज ने बतायी कि ठंड के बढ़ते देख जरूरतमंदों की सहायता के लिए यह पहल की गयी है। वहीं सचिव शिलु समद ने कही कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वो गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड में बिना कपड़ों के ना रहे। इस अवसर पर लायंस क्लब के जोनल चेयरपर्सन शौकत नाज, एखलाक उर्फ. चांद,अरशद जमील,परवेज आलम उर्फ पप्पु, मोहम्मद अलीम ने मिलकर स्टेशन परिसर और उसके आसपास के आसहाय सैकड़ों गरीबों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में क्लब सदस्यों ने संकल्प लिया कि आगे भी सामाजिक उत्थान और जनसेवा के ऐसे कार्य लगातार किये जायेंगे।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पर पीपरा में सामूहिक गायन



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत माहौल उस वक्त देखने को मिला जब पिपरा थाना परिसर अंतर्गत दमवा मोड़ पर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी विमल कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणों ने एक साथ स्वर मिलाकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने देश की एकता, सम्मान और स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि बंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है, जिसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को लिखा था। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया था। इस वर्ष इसके डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर सी नकुल शर्मा, कुलेश्वर महतो, एएसआई मुखदेव चौधरी, तस्दुक अंसारी सहित थाना के कई कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# देवघर में जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार आत्मा सभागार में जिले स्तर पर रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन संयुक्त कृषि निदेशक, संताल परगना परिक्षेत्र, दुमका सत्य प्रकाश दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखण्डों से प्रगतिशील किसान, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक और कृषक मित्र उपस्थित रहे। कार्यशाला में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, सूजानी, देवघर श्री राजन ओझा ने रबी मौसम की फसलों की आधुनिक खेती, मिट्टी की जाँच, रोग एवं निदान सहित फसलों की बुवाई में मिलने वाले बीजों की जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी, देवघर डॉ वीणा कुमारी टुडू ने विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी योजनाओं की जानकारी साझा की और किसानों को मिट्टी जांच कर उन्नत खेती करने की सलाह दी।

# महुअरी के ग्रामीणों ने राशन डीलर पर लगाया गड़बड़ी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत के महुअरी अंतर्गत दुलहर, झरहा, इमलिया बांध, चिड़ैयाखाड़ आदि के सैकड़ो ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को देकर राशन डीलर पर अनियमितता का आरोप लगाया है। जिसमें जन वितरण प्रणाली की विक्रेता अनिता देवी पर अंगूठा लगवाकर भी राशन वितरण नही करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि उक्त राशन डीलर तीन माह से राशन वितरण नही कर रहे है। जबकि उनलोगों से प्रत्येक माह में ससमय अंगुठा लगावा लिया जाता है। उतना ही नही ग्रामीण लोगों ने यह भी बताया कि जब भी हमलोग पिछले माह के राशन मांगने जाते है तो उनके घर के अन्य परिजनों द्वारा गली-गलौज व झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। साथ ही लोगों को अपमानित करते है जिससे हमलोग काफी आक्रोशित है, ग्रामीणों ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से पूर्व में शिकायत किया था। लेकिन कोई कारवाई नही हुआ। इस सबन्ध में ग्रामीणों ने मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत किया है। इसके बाद भी डीलर पर कोई कारवाई नही होने से आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने एमओ से उचित जांच कर डीलर बदलने की मांग की है ताकी ससमय राशन उपलब्ध हो सके। आवेदन देने वालो में अमरेंद्र सिंह, नीरज कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, विवेक ठाकुर, रेणु देवी, प्रतिमा देवी, रामाशीष बैठा, अनूप कुमार सिंह, चिंता देवी मालती देवी, अमित कुमार, प्रेम कुमार, राकेश कुमार, फुलेंद्र कुमार, मोनू सिंह, अमन सिंह,शंकर बैठा, बबिता देवी, बबलू सिंह सैकड़ो लोगो का नाम शामिल है।

# पुलिस लाइन में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार मेदिनीनगर के पुलिस लाइन ग्राउंड में बन्दे मातरम का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। इस दौरान आइजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद,एनडीसी नीरज कुमार, डीइओ सौरभ प्रकाश समेत कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसी तरह जिले के विभिन्न प्रखंडों,स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। इस आयोजन में स्थानीय बीडीओ, स्कूल की छात्र- छात्राएं, जनप्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों द्वारा भाग लिया गया।

# शिक्षाविद को मातृशोक, आज पर होगा दाह संस्कार



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर के जाने माने शिक्षाविद सह सेवानिवृत शिक्षक हरिहर ठाकुर की माता पचिया कुंवर का निधन 110 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को हो गया। उन्होंने अंतिम सांस बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित अपने आवास पर ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका दाह संस्कार शनिवार को सुबह आठ बजे बिश्रामपुर राज घाट पर होगा। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नइमुदिन अंसारी,जिला पार्षद विजय रविदास,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि मुन्ना यादव, हिसामुद्दीन अंसारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,मनीष कुमार, निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार चौधरी,समाजसेवी विजय कुमार रवि सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# बैठक में अगले शैक्षणिक सत्र से विज्ञान संकाय शुरू करने का निर्णय



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार में कर्मियों की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता सचिव डॉ शशिनाथ चौबे व संचालन प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे ने किया। बैठक में कॉलेज के विकास,शैक्षणिक गुणवत्ता सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुयी। बैठक में अगले शैक्षणिक सत्र से विज्ञान संकाय भी शुरू करने का निर्णय लिया गया। सचिव श्री चौबे ने विज्ञान संकाय के लिये जल्द भवन निर्माण कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने नेक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद को अगले साल की तैयारी बेहतर ढंग से करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संत तुलसीदास महाविद्यालय को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में एक अलग पहचान मिले, इसके लिये महाविद्यालय के सभी शिक्षक - कर्मियों को बेहतर ढंग से कार्य करना होगा। डॉ शशिनाथ चौबे ने प्राचार्य सहित सभी विभागाध्यक्षों को कई दिशा निर्देश भी दिया। बैठक में आइक्यूएसी राकेश शुक्ला, संतोष शुक्ला,डॉ श्याम मिश्रा,डॉ सुनील यादव,डॉ कुमारी संगीता,ज्योति कुमारी, आशा कुमारी,अस्मिता पांडेय,शबनम निशा, अजय ओझा, चंद्र प्रकाश चौबे, प्रधान सहायक अमित कुमार,देव प्रकाश पांडेय, दिलीप चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# डीएवी के छात्रों ने आइओक्यूएम परीक्षा में लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला के छह मेधावी छात्र-छात्राओं ने आईओक्यूएम परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। इन सभी का चयन अब आरएमओ के लिए हुआ है। विदित हो कि आरएमओ गणित के क्षेत्र में देश की अत्यंत प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा है, जिसका आयोजन होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के तत्वावधान में अखिल भारतीय स्तर पर किया जाता है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राएं हैं अमित कुमार, मानवी सिंह, सत्यम कुमार, रिचा कुमारी, मानसी कुमारी एवं विवेक गौरव। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 25 छात्रों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य बलराम कुमार झा ने चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को कैशबैक कूपन पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में प्राचार्य झा ने कहा कि छात्रों की यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे देवघर के लिए गौरव की बात है। अन्य छात्र भी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें और अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करें।



झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय
(सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग)

विभागीय स्टॉल के निर्माण हेतु अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार दिनांक 14.11.2025 से 27.11.2025 तक नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंला, 2025 में झारखण्ड पेवेलियन के अंतर्गत विभाग को आवंटित 12 (4X3) वर्गमीटर स्पेस में स्टॉल फेब्रिकेशन, सुसज्जीकरण एवं मीडिया मैनेजमेंट कार्यो को संपन्न करने हेतु ख्यातिप्राप्त इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी/पी आर कम्पनी से दिनांक 11.11.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में (तकनीकी बीड एंव वित्तीय बीड अलग–अलग) निविदा आमंत्रित करती है। निविदा को उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय कक्ष में खेला जाएगा।

इस निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी यथा पात्रता, मापदण्ड, नियम एवं शर्तें, कार्य की विवरणी इत्यादि की सूचना विभागीय वेबसाईट www.prdjharkhand.in पर उपलब्ध है।

- उक्त निविदा में झारखण्ड Jharkhand Procurement of Goods & Services manual-2024 से अच्छादित होगा।
- विभाग द्वारा इस कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को समय–समय पर Pick & Drop Facility आवश्यकता अनुसार संबंधित एजेंसी को ही उपलब्ध कराना होगा। (इसका दर प्रीमियम प्रारूप अलग से उदत्त करना होगा।
- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

ह०/–
निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

PR 365551 IPRD (25-26)_D

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004,
Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.in

E-Tender Notice No. 241/PR/JBVNL/25 -26

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited, Engineering Building, HEC Admin, Dhurwa, Ranchi – 834004, Jharkhand invites E-tender for bid from eligible Bidders for 'RFP for selection of system integrator for providing managed wifi services and internet lease line along with hardware for 3 years at JBVNL, Nigam Hq. Ranchi'.

The tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted in the envelope containing all relevant documents as mentioned in the tender document.

| Sl. No. | Name of Work | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | RFP for selection of system integrator for providing managed wifi services and internet lease line along with hardware for 3 years at JBVNL, Nigam Hq. Ranchi. |
| 2 | Date of Publication of NIT on website | 10/11/2025 |
| 3 | Date of Pre-Bid Meeting / Time | 13/11/2025 / 03:00 PM |
| 4 | Last Date / Time for receipt of bids | 01/12/2025 / 04:00 PM |
| 5 | Date and Time for Opening of Technical bid | 02/12/2025 / 01:00 PM |
| 6 | Tender fee (Non – Refundable) | Rs. 5,000/- + GST @ 18% |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,19,400/- |
| 8 | Contact email | itcelljbvnl@gmail.com / itcell@jbvnl.co.in |

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (IT)

PR 365495 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in
10

## बकरी चराने गयी छात्रा को सांप ने काटा

गुमला (आजाद सिपाही)। बिशुनपुर थाना क्षेत्र के होलेंग गांव की रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा विनीता कुमारी को एक सांप ने काट लिया। छात्रा बकरी चरा रही थी। उनने बताया कि करैत सांप ने उसके पैर में काटा है। इसके बाद वह छटपटाते हुए अपने घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। परिजन तुरंत उसे बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की दोपहर दो बजे छात्रा को अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## कुष्ठ रोग जागरूकता पर चर्चा को लेकर आगाज स्वयं सहायता समूह की बैठक



गुमला (आजाद सिपाही)। आगाज स्वयं सहायता समूह की साप्ताहिक बैठक समूह की सचिव नगमा निगार के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता सय्यदा खातून ने की। बैठक में कुष्ठ रोग जागरूकता पर विशेष चर्चा हुई। अध्यक्ष सह साहिया सय्यदा खातून ने कहा कि कुष्ठ रोग अब पूरी तरह उपचार योग्य है। इसलिए समाज को इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना चाहिए। समूह की सदस्याओं ने संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्रों में लोगों को इसके लक्षण, इलाज और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी। आगामी सप्ताह में जन-जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में कैनात आरज़ू ने साप्ताहिक बचत और ऋण संबंधी विषयों पर चर्चा की। अंत में सचिव नगमा निगार ने कहा कि समूह समाज में स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

## सड़क पर झूलते बरगद की डाली में अटका ट्रक, क्रेन की मदद से निकाला गया बाहर



गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के जशपुर रोड स्थित सदर अस्पताल गेट के समीप तेंदू पत्ता लदा एक ट्रक बस को साइड देने के चक्कर में बरगद की झूलते डाली में अटक गया। इसके बाद ट्रक चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। उधर, ट्रक फंससे से सड़क पर जाम लग गया। ट्रक छत्तीसगढ़ से तेंदू पत्ता लेकर रांची जा रहा था। वहीं, चालक अश्वनी तिवारी ने बताया कि सामने से आ रही बस को साइड देने के क्रम में सड़क पर झूलती डाली में ट्रक फंस गया। इसकी सूचना पाकर प्रशासन दो क्रेन लेकर पहुंचा और फंसे ट्रक को बाहर निकाला। जिसके बाद यातायात सुचारू हुआ।

## 'अपना पानी अपना विकास' परियोजना के तहत 29 पोर्टेबल सोलर पंप का वितरण



घाघरा (आजाद सिपाही)। सतत कृषि और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से घाघरा प्रखंड में शुक्रवार को अपना पानी अपना विकास परियोजना के तहत कुल 29 पोर्टेबल सोलर पंपों का वितरण किया गया। इस पहल से 116 किसानों को लाभ प्राप्त होगा। परियोजना के तहत देवाकी ग्राम पंचायत के जल उपयोगकर्ता समूह को 11 सोलर पंप और कुगांव ग्राम पंचायत के जल उपयोगकर्ता समूह को 18 सोलर पंप दिये गये। यह परियोजना आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन की ओर से वित्तपोषित एवं बाइफ झारखंड द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इस मौके पर कुगांव की मुखिया गीता कुमारी एवं देवाकी की मुखिया फूलमणि देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दोनों ने संयुक्त रूप से किसानों के बीच सौर सिंचाई उपकरणों का वितरण किया। अपने संबोधन में मुखिया गीता कुमारी ने कहा कि यह योजना हमारे किसानों के लिए एक नई दिशा साबित होगी। अब किसान बिना डीजल या बिजली के भी आसानी से सिंचाई कर सकेंगे। सौर ऊर्जा से पानी निकालने की यह व्यवस्था न केवल खर्च को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण की भी रक्षा करेगी। मैं सभी किसानों से आग्रह करती हूं कि इस उपकरण का उपयोग जिम्मेदारी से करें और अधिक से अधिक खेती योग्य भूमि को सिंचित करें। वहीं, देवाकी की मुखिया फूलमणि देवी ने कहा कि कृषि हमारी रीढ़ है। इस तरह की योजनाएं किसानों की ताकत बढ़ाने का काम करती हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए सतत, किफायती और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे खेती की उत्पादकता, फसल विविधीकरण और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेदवार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधन निरज सिंह, कार्यक्रम के संचालन में बाएफ झारखंड के अधिकारी आकाश पात्र एवं अपना पानी अपना विकास परियोजना की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## वार्ड चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीति तैयार, आज प्रेस वार्ता

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस की ओर से वार्ड चुनाव और संगठनात्मक तैयारियों को लेकर शनिवार की सुबह 11.30 बजे संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गयी है। जो जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा के लोहरदगा रोड स्थित आवासीय कार्यालय में होगी। मीडिया चेयरमैन आरिफ हुसैन अख्तर ने बताया कि प्रेस वार्ता की अध्यक्षता खुद जिला अध्यक्ष करेंगे। बैठक में नगर परिषद चुनाव की तैयारियों, वार्ड अध्यक्षों के नामों की घोषणा और शहरी जनाधार को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। पार्टी नगर निकाय चुनाव के लिए जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा भी साझा करेगी।

## स्वास्थ्य सहिया कर्मियों की विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

घाघरा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सभी स्वास्थ्य सहिया कर्मियों की शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसटीटी उमाशंकर सिंह ने की। बैठक में सहिया एप के अद्यतन (अपडेट) से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। सभी सहियाओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने सहिया एप में गृह भ्रमण, परिवार नियोजन, पीएलए सहित अन्य संबंधित सूचनाओं को अद्यतन करें ताकि विभागीय रिकॉर्ड समय पर संकलित किया जा सके। एसटीटी उमाशंकर सिंह ने कहा कि एप में अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और क्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गति तेज की जाए। बताया कि 10 से 26 नवंबर तक कुष्ठ पहचान अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक सहिया को अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर संदिग्ध मामलों की पहचान कर स्वास्थ्य केंद्र को जानकारी दे। बैठक में सहियाओं को कार्य में पारदर्शिता, नियमित फॉलोअप और समयबद्ध रिपोर्टिंग पर बल दिया गया। मौके पर सिद्धार्थ दुबे, बीटीटी सीमा देवी, बबीता देवी, संजोती देवी, हेमंती देवी, संगीता देवी सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थी।

## कार की टक्कर से युवक घायल, टूटा पैर

गुमला (आजाद सिपाही)। भरनो बाजारटांड के पास कार के टक्कर से आनंद नगर तर्री निवासी अमित कुमार सिंह (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर टूट गया है और शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट भी लगी है।जानकारी के मुताबिक शुक्रवारकी दोपहर दो बजे अमित और सुरसांग निवासी गजेंद्र नाथ सिंह बाइक से रांची जा रहे थे। इस बीत भरनो बाजार टांड के पास किसी काम से रुके थे। वहीं सड़क पार करने के क्रम में अमित एक कार ने टक्कर मार दिया।

### सख्ती : शिक्षा विभाग के साथ समीक्षा बैठक में डीसी ने दी चेतावनी

# शिक्षा विभाग एक्शन मोड में काम करे, नहीं तो लिया जायेगा एक्शन

**शैक्षणिक सुधार के लिए गठित जिला स्तरीय कंट्रोल यूनिट को आपसी समन्वय एवं गंभीरता के साथ कार्य करना का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती डीसी प्रेरणा दीक्षित।

गुमला। डीईओ, डीएसई सहित जिला स्तरीय परियोजना पदाधिकारियों के साथ ही पूरा शिक्षा विभाग एक्शन मोड में कार्य करें। अन्यथा डीसी अपने एक्शन मोड में दिखेंगीं। ये बातें खुद डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कही। वे शिक्षा विभाग के साथ शुक्रावर को समीक्षा बैठक कर रही थीं। इस दौरान जिले में चल रहे शैक्षणिक सत्र में अध्ययन कार्य की प्रगति, आगामी मॉक टेस्ट, विद्यालयों की शिक्षक-छात्र उपस्थिति, शिक्षकों की कमी एवं अनुशासन से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि 10 नवंबर से शुरू होने वाले मॉक टेस्ट को शत-प्रतिशत सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी स्तर पर तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मॉक टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों के वास्तविक स्तर का मूल्यांकन कर 20 नवंबर तक परिणाम जारी किया जाए, ताकि कमजोर विद्यार्थियों के लिए गंभीरता के साथ विशेष व्यवस्था के रूप में रिमेडियल क्लासेस की जा सके। मॉक टेस्ट से चिन्हित कमजोर बच्चों के लिए अलग से शिक्षक एवं सीआरपी बीआरपी की टैगिंग के लिए डीसी ने निर्देश देते हुए जिला स्तर से कंट्रोल यूनिट के पदाधिकारियों को गंभीरता के साथ आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, सभी परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### सिलेबस पूरा नहीं होने पर डीसी ने किया कई विद्यालय के शिक्षकों को तलब

**डीसी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय टोटो, एस एस विद्यालय भरनो सहित तीन और विद्यालयों के सभी शिक्षकों को 13 नवंबर को समाहरणालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया हैं। इन विद्यालयों में मासिक सिलेबस पूरा नहीं करने, छात्रों की औसत उपस्थिति कम होने और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान नहीं करने के आरोप हैं। वैसे भी कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त रुख अपनाते हुए उपायुक्त ने पांच शिक्षकों का वेतन बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। अब इन विद्यालयों के सभी शिक्षकों को अपने कार्यालय में बुलाकर लापरवाह शिक्षकों की हेकड़ी निकाल दी है।**

### बोर्ड की परीक्षाओं में सहायक होगा मॉक टेस्ट

**डीसी द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट को अभिभावकों ने सराहा है। अभिभावकों का कहना है कि यह मोक टेस्ट छात्रों के लिए बोर्ड की परीक्षाओं में सहायक होगा। अगर उपायुक्त शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह निरंतर प्रयासरत रहीं तो सरकारी विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही शिक्षक अपने छात्रों और अपने प्रोफेशन के साथ न्याय कर सकेंगे।**

## शादी का झांसा देकर युवती से बनाया शारीरिक संबंध, गर्भवती होने पर धोखे से कराया गर्भपात

### महिला पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी अब शादी से मुकर रहा

**पीड़िता से एसपी को ज्ञापन सौंपकर लगायी न्याय की गुहार, जांच शुरू**

गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना क्षेत्र की एक युवती ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर सिमडेगा के गरजा खरवागढ़ा निवासी मैनू प्रधान पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने और गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के बाद शादी से मुकर जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में युवती ने बताया कि साल 2024 में रोजगार के लिए गोवा गयी थी। वहां घरेलु कामकाजी महिला के रूप में काम करती थी। इस दौरान मैनू प्रधान से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई। इसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी। जब युवती फरवरी 2025 में गोवा से अपने गांव आ रही थी उस समय आरोपित को इसकी जानकारी हो गयी। वह राउरकेला रेलवे स्टेशन पहुंच गया। जहां युवती को एक दिन के लिए घुमने का प्रस्ताव दिया। वह मान गयी और दिनभर आरोपित के साथ राउरकेला में घूमी। रात में आरोपित उसे एक होटल ले गया। जहां शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद से आरोपित बीच-बीच में पीड़िता से मिलकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। जिससे वह गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी आरोपित को देने पर वह गर्भपात की दवा खाने का दबाव बनाया। कहा कि अभी शादी के लिए उसके पास पैसे नहीं है। बाद में धूमधाम से शादी करेगा। इसके बाद पीड़िता ने दवा खाकर गर्भपात करा लिया। इसके बाद से ही आरोपित पीड़िता से दूरी बनाने लगा। तब पीड़िता ने सिमडेगा महिला थाना में आवेदन देकर आरोपित पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद सिमडेगा महिला थाना की पहल पर दोनों के बीच आपसी सुलह से शादी का समझौता हुआ। अब आरोपित शादी से फिर इनकार कर रहा है। साथ ही परिजन पीड़िता को धमकी दे रहे है। शुक्रवार की दोपहर दो बजे पीड़िता ने एसपी को आवेदन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : बीडीओ



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025-26 को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ दिनेश कुमार ने की। बैठक में श्रेणी ए, बी, सी और डी से संबंधित कार्यों की मैपिंग बीएलओ एप के माध्यम से कैंप मोड में कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करें और सूची में सुधार, विलोपन एवं नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य पूरी ईमानदारी से करें। कहा कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीडीओ दिनेश कुमार ने यह भी कहा कि यह कार्य लोकतंत्र की बुनियाद से जुड़ा है, इसलिए प्रत्येक कर्मी को अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। इस दौरान एसआईआर की तैयारी पर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, निर्वाचन कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित थे।

### डीआरडीए निदेशक ने किया गुमला सदर अस्पताल का निरीक्षण

## ब्लड बैंक का संचालन जल्द होगा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। डीआरडीए के निदेशक विद्या भूषण कुमार ने शुक्रवार को गुमला सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता, औषधि उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल को ब्लड स्टोरेज यूनिट की मान्यता मिल चुकी है और आगामी दो-तीन दिनों में ब्लड बैंक संचालन शुरू होगा। अस्पताल परिसर में रोगियों के लिए 36 बेंच वाले शेडयुक्त वेटिंग एरिया की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मियों की अनुपस्थिति पर निदेशक ने नाराजगी जताई और शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। वहीं, सर्जिकल वार्ड में सफाई की कमी पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। अस्पताल में 649 प्रकार की दवाएं, 24 घंटे सातों दिन लैब, एक्स-रे और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं। निदेशक ने कहा कि सेवा व्यवस्था में सुधार के लिए नियमित निगरानी जारी रहेगी।

## राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने की शिकायत



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हाडूप गांव में राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत की है। आरोप है कि डीलर मनमानी तरीके से राशन बांटता है और ग्रामीणों के साथ नशे की हालत में मारपीट भी करता है। शिकायत के आलोक में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उप प्रमुख चंदन सिंह, हीरामुणि पंसस देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत हाडूप गांव पहुंचे, जहां राशन दुकानदार राजबली उरांव के खिलाफ जमकर शिकायत करते हुए डीलर पर कार्रवाई के लिए प्रमुख को लाभार्थियों का आवेदन सौंपा गया। इधर, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने बीडीओ सुलेमान मुंडरी को ज्ञापन सौंपते हुए डीलर पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें घटिया गुणवत्ता का राशन दिया जाता है और वजन में भी हेराफेरी की जाती है। केवाईसी के नाम पर परिवार के प्रत्येक सदस्यों हिसाब से 50 रुपये से लेकर 100 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। इधर, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में डीलर लाभार्थियों से दुर्व्यवहार न करें। कहा कि बीडीओ से कार्रवाई की मांग की है और दोषी डीलर पर कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस पर बीडीओ ने कहा कि प्रमुख मैडम से आवेदन मिला है। हमने जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के आधार पर दोषी डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापामारी



गुमला (आजाद सिपाही)। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने गुमला शहरी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापामारी की। इस दौरान मिथिला स्वीट्स एंड होटल, विनोद कुमार गुप्ता, उमेश साहू, अक्षय जनरल स्टोर और तुलसी होटल का निरीक्षण किया। कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत 1700 रुपये का चालान काटा और पनीर के नमूना जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला (नामकुम) भेजा गया। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि खराब खाद्य सामग्री मिलने पर 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें। सभी प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में उक्त ऐप का क्यूआर कोड प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।

## चार दिव्यांगों के बीच व्हीलचेयर का वितरण

**सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर से प्रखंड वासियों को लाभ मिल रहा है। बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रमेश कुमार यादव के निर्देश के बाद प्रखंड क्षेत्र के बरगांव बरटोली गांव निवासी बोगी उरांव (55), बरगांव चट्टीटोली निवासी गुजैर उरांव (30), पुसो निवासी सुनी उरांव (70) और लरंगो साहिजाना गांव निवासी दिव्यांग सोहन उरांव (55) को व्हीलचेयर दिया गया।**

## वंदे मातरम की 15वीं वर्षगांठ पर पालकोट में कार्यक्रम आयोजित

पालकोट (आजाद सिपाही)। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर थाना प्रभारी तरुण कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को बाजार टॉड के समीप विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अगुवाई पालकोट थाना के एसआई रामचंद्र यादव ने की। इसमें कांग्रेस के सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और समर्पण की पहचान है। हर भारतीय को इस गीत के भाव को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

OFFICE OF THE REGISTRAR, COOPERATIVE SOCIETIES,
JHARKHAND, RANCHI
DEPARTMENT OF AGRICULTURE,
ANIMAL HUSBANDRY & COOPERATIVE
GOVERNMENT OF JHARKHAND

NOTICE FOR INVITING E- TENDER (SHORT TENDER)

Re-tender for Selection of State Technical Support Unit (STSU) for Providing Technical & Operational Support and overseeing effective implementation of Birsa Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (B-PMFBY)

No. : 2433 (5) Date : 04-11-2025

Office of the Registrar, Cooperative Societies, Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative, Govt. of Jharkhand, Ranchi invites Technical and Financial Proposals from eligible consulting agencies of national and international repute for establishing a State Technical Support Unit (STSU) at the Office of Registrar, Cooperative Societies, Jharkhand, Ranchi through E- tendering process. This STSU would provide technical & operational support in effective implementation of Birsa Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (B-PMFBY), Jharkhand, Ranchi.
The Request for Proposal (RfP) document towards the same can be downloaded from the website https://jharkhandtenders.gov.in from 05.11.2025 to 17.11.2025 (02:00 PM) and submit only through e-tender portal https://www.jharkhandtenders.gov.in. Response to this RFP shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.The RFP/tender document is to be submitted online on https://www.jharkhandtenders.gov.in.
Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
Last date & time for online submission of bid is 17.11.2025, 02:00 PM.


Sd/-Nodal Officer, B-PMFBY
Office of the Registrar, Cooperative Societies
3rd Floor, Pashupalan sah Sahkarita Bhawan,
Hatia, Ranchi, Jharkhand- 834003 Email: jhpmfby@yahoo.com
PR 365434 (Co-opretive)25-26*D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

–: आवश्यक सूचना :–

बालूमाथ थाना काण्ड संख्या बालूमाथ थाना काण्ड संख्या 108/2024 दिनांक 26.09.2024 धारा 103(1)/61(2) BNS, 25(1–A)/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 CLA Act. में उक्त अभियुक्त के विरूध माननीय अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत दिनांक 04.11.2025 को तामिला किया गया है, तथा आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्ध अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | भाकपा माओवादी जोनल कमाण्डर नक्सली मनोहर गंझू पिता स्व0 वृहस्पति गंझू सा0 बसिया टेमराबार, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार। |


Court of C.J.M. Latehar
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
Balumath 108/2024

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
लातेहार।
PR 365463 (Police) 25-26 (D)

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन का आयोजन



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की उपस्थिति में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता समेत सभी कार्यालय प्रधान/अधिकारी/ कर्मचारी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका का जश्न मनाना है। इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं, मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। आज बड़े ही गर्व की बात है कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय समेत सभी अन्य कार्यालयों में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया और देशभक्ति की भावना और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को याद किया गया।

## निमोनिया की रोकथाम के लिए चिकित्सा पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में निमोनिया की रोकथाम हेतु सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में जिला के विभिन्न प्रखण्ड के चिकित्सा पदाधिकारी, स्टाफ नर्स एवं एएनएम को शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रीय करने के लिए निमोनिया के लक्षणों को पहचानना और बचाव और रोकथाम हेतु समय पर इसका इलाज करना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान आरसीएच पदाधिकारी डॉ सेलिना टुडू द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि निमोनिया देशभर में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में स्वास्थ्य के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि निमोनिया के लक्षणों को पहचान कर उसके रोकथाम या बचाव कैसे किया जाय। इसके बारे में प्रशिक्षण के दौरान विस्तार से जानकारी दी गई। उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र पहचान को बढ़ावा देना, देखभाल में सुधार एवं स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था। प्रशिक्षण के दौरान डॉ पंकज कुमार, ज्योतिका कुमारी स्वास्थ्य प्रशिक्षक, उर्मिला कुमारी एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

## साइबर जागरूकता के लिए विद्यार्थियों ने किया बैंक का दौरा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को श्री श्री सूर्यदेव सिंह स्मृति गुरुकुलम धनबाद के कक्षा 8वीं विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में साइबर जागरूकता के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के दौरा किया। जहां बैंकिंग कार्यप्रणाली के साथ ही ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी गयी। शाखा प्रबंधक ने बच्चों को बैंक की योजनाओं के बारे में बताया और साइबर ठगी से सावधान रहने की सलाह दी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि बैंक बच्चों की शिक्षा के लिए कई योजनाएं-कार्यक्रम संचालित करती है, जिसका लाभ लेकर पढ़ाई लिखाई में होने वाले खर्च की भरपाई की जा सकती है। बैंक के नाम पर मोबाइल पर कई तरह के कॉल आते है यह कॉल बैंक के द्वारा नहीं किया जाता है। यह साईबर ठग लोग होते हैं। जो कई प्रकार के लाभ देने की बात कह कर ओटीपी मांगते हैं और खाते से पैसा उड़ा लेते हैं। अगर किसी भी प्रकार की समस्या बैंक से सबंधित हो तो सीधे बैंक जाए किसी के झांसे में बिल्कुल नहीं आएं। प्राचार्य रितिका राज ने बताया इस भर्मण का उदेश्य बैंकिंग की डिजिटल कार्यप्रणाली का जानकारी देना और साइबर क्राइम से अलर्ट रहने के लिए जागरूक रहना। मौके पर विद्यालय के अध्यापक राजीव कुमार साथ सभी बैंक कर्मचारी मौजूद थे।

## वंदे मातरम् के स्वर में एकजुट हुआ दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रभावना का प्रतीक गीत वंदे मातरम् की रचना को 150 वर्ष पूरा होने के अवसर पर दि पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को वंदे मातरम् का एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार ने देशभक्ति और एकता की भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना का संचार करना तथा वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराना था। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ एक स्वर में वंदे मातरम् का गायन किया। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। विद्यार्थी भारतीय ध्वज के रंगों वाले परिधान में सुसज्जित थे। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हमारे एकत्व का आधार है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारे प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का अमर प्रतीक है। इस दौरान संगीत की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा।

## एंटी रैबीज इंजेक्शन जल्द मुहैया कराने की मांग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह ए आइसीसी के सदस्य, अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आये दिन धनबाद के सरकारी अस्पताल में आवारा कुत्ता के काटने से आम जनता बहुत परेशानी का सामना कर रही है क्योंकि जब अस्पताल में वे लोग जाते हैं तो वहां एक ही जवाब मिलता है की एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है आप बाहर से खरीद कर लाएं तभी सूई देना संभव हो सकेगा। मैं झारखंड सरकार और खासकर स्वास्थ्य मंत्री से मांग करता हूं कि एंटी रैबीज इंजेक्शन का सभी चिकित्सा केंद्रों में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाये ताकि आम जनता किसी भी खतरा से बच सके।

# जनता दरबार में 57 मामलों पर सुनवाई, कई मामलों का निष्पादन

**जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता: उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जनता की आवाज सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह बातें शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी प्रशासनिक तंत्र में मजबूत होता है। उपायुक्त ने कहा कि, केवल जिला स्तर पर ही नहीं प्रखंडों में भी जनता दरबार आयोजित है। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित होता है।

जनता दरबार के दौरान एक बुजुर्ग पिता अपने बेटे और बहू के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुंचे। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यह बेहद दुखद है। यह केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक चिंता का विषय है। इस मौके पर कुल 57 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक कलह, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड और जनसुविधा से संबंधित विषय प्रमुख रहे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई की और कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, डीएसओ शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद पीएन सिंह ने जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** शहर के धनसार मोड़ स्थित श्री भगवान जगन्नाथ सेवा संघ द्वारा संचालित जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार का शिलान्यास मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शिलान्यास के साथ पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद पीएन.सिंह ने कहा कि भगवान जगन्नाथ धनबादवासियों की आस्था के केंद्र हैं। मुख्य द्वार के निर्माण से मंदिर की शोभा और बढ़ेगी और श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। नया द्वार बनने से लोगों को मंदिर आने-जाने में आसानी होगी और व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक द्वार नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। धनबाद की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर भाजपा के कई नेता उपस्थित रहे, जिनमें नगर मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर के विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। मंदिर के सेक्रेटरी महेश्वर राउत ने बताया की मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण बीसीसीएल के द्वारा सीएसआर फंड के तहत सहयोग किया गया है। मंदिर की प्रेसिडेंट आईआईटी आईएसएम डायरेक्टर की धर्म पत्नी इंद्राणी महापात्रा है। मंदिर का 30 वां वर्षगांठ आगामी 26 नवंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर भाजपा के कई नेता उपस्थित रहे, जिनमें नगर मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर के विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया।

## दामोदर में डूबे पांच शव मिले, एक अब भी लापता

**महुदा (आजाद सिपाही)।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन दामोदर नदी में स्नान करने गए दो गुट के कुल नौ दोस्तों की टोली में खुशियों की गूंज थी, पर कुछ ही पलों में वह हंसी चीखों में बदल गयी। बुधवार को अचानक तेज बहाव में छह युवक नदी की लहरों में समा गए। यह हादसा पूरे क्षेत्र में मातम का सन्नाटा छोड़ गया। तीन दिन से जारी राहत और बचाव कार्य के बीच शुक्रवार को पांचवा शव नदी से निकाले गये। पांचवा शव भूली निवासी अनीश यादव का बताया जा रहा है, जबकि सुमित राय अब भी लापता हैं। नदी किनारे बैठे परिजनों की आँखें उम्मीद से भरी थीं, पर हर बार बरामद होते शव के साथ उनकी उम्मीदें टूटती चली गयी। गुरुवार शाम से एनडीआरएफ की टीम लगातार मोर्चे पर डटी है। शुक्रवार सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से टीम ने कठिन परिस्थितियों में एक और शव बाहर निकाला।

## 60 लाख के शराब को उत्पाद विभाग ने किया जब्त



अनिल चौधरी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है शराब माफिया बिहार चुनाव में शराब माफिया अवैध शराब को खपाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन यह योजना धरी की धरी रह गयी और उत्पाद विभाग ने सब किया कराया पर पानी फेरते हुए ट्रक को जप्त कर लिया है। बोकारो के थाना जरीडीह पंचायत बाराडीह में एक बंद क्रेशर में शराब से भरी एक ट्रक खड़ी थी मिली सूचना के बाद मौके पहुंची उत्पाद विभाग ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो एक ट्रक तिरपाल से ढका हुआ पाया जिसमें अवैध शराब पाया गया जिसको जप्त करते हुए उत्पाद विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है।उत्पाद विभाग के निरीक्षक विजय कुमार पाल ने बताया कि शराब से भरी यह ट्रक खड़ी थी वहा पर कोई नहीं था यह शराब कहां से लोडेड की गई थी और कहां इसको खपाना था इसकी जांच की जा रही है लेकिन यह लगभग 60 लाख रुपये से ऊपर की शराब है जिसमें 1100 पेटी शराब है। और बंद क्रेशर किसकी है इसकी भी जांच की जा रही है।

## बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** इनमोसा के केंद्रीय और लोदना क्षेत्रीय कमिटी द्वारा बीसीसीएल लोदना क्षेत्र संख्या 10 के नवपदस्थापित महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा का पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर इनमोसा के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से महाप्रबंधक को विस्तार से अवगत कराया। बीसीसीएल इनमोसा अध्यक्ष एमपी सिंह ने कहा कि नवपदस्थापित महाप्रबंधक से औपचारिक मुलाकात कर इनमोसा परिवार की ओर से स्वागत किया गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 10 में उत्पादन में वृद्धि होगी।इनमोसा सचिव अजित सिंह ने बताया कि महाप्रबंधक ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के हर संभव निदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर इनमोसा के अशोक कनौजिया, ललन सिंह, चौधरी चरण महतो, पिंटू कुमार, मनोज कुमार धाड़ी, संतोष, बलवीर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बोकारो स्टील प्लांट की भूमि राजस्व नीति में आया ऐतिहासिक बदलाव

# दो साल में 24 साल के बकाये की वसूली

धर्मेंद्र सिंह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के भूमि राजस्व और आवंटन विभाग ने हाल के वर्षों में अपनी संचालन नीतियों में एक ऐतिहासिक बदलाव किया है, जिसके दूरगामी परिणाम दिख रहे हैं। प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के अनुसार, प्लांट प्रबंधन ने प्लॉटों के नवीनीकरण (रिन्यूअल) से राजस्व वसूली में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। यह सफलता न केवल वित्तीय अनुशासन को मजबूत करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि बोकारो स्टील प्रबंधन अपनी गैर-मुख्य संपत्तियों के प्रबंधन को लेकर अब बेहद गंभीर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 1998 से लेकर 2022 तक की लगभग चौबीस वर्षों की लंबी अवधि में, प्लॉट नवीनीकरण से लगभग 34 करोड़ की राशि जमा हुई थी। इसके विपरीत, केवल पिछले दो वर्षों में, नवीनीकरण से उतनी ही राशि, लगभग 34 करोड़, जुटायी गयी है। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं है बल्कि राजस्व प्रबंधन में लाये गये सक्रियता, जवाबदेही और डिजिटलीकरण जैसे कदमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस सफलता से न केवल प्लांट का वित्तीय स्वास्थ्य मजबूत हुआ है, बल्कि यह राशि टाउनशिप के बुनियादी ढांचे और विस्थापितों के कल्याणकारी कार्यों में उपयोग की जा सकती है। यह दिखाता है कि बोकारो स्टील अब केवल इस्पात उत्पादन पर ही नहीं, बल्कि अपने विशाल टाउनशिप एस्टेट के प्रबंधन पर भी रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है। राजस्व वसूली के साथ-साथ, प्लांट टाउनशिप में नए आवंटन के माध्यम से भी विकास की गति तेज की गयी है। पिछले एक वर्ष के दौरान, 1130 व्यावसायिक प्लॉट और 513 कम लागत वाली दुकानें (लो कॉस्ट शॉप्स) आवंटित की गयी हैं। यह आवंटन दर्शाता है कि बोकारो स्टील का टाउनशिप में आवासीय और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है। कम लागत वाली दुकानें समाज के निम्न और मध्यम आय वर्ग के लिए आजीविका का साधन प्रदान करने की बोकारो स्टील की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## राष्ट्रीय कैंसर और शिशु संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कैंसर दिवस और शिशु संरक्षण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बीएसएल सीएसआर के तहत पीरामल स्वास्थ्य एमएमयू टीम ने तेलीडीह और बांधगोड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये। राष्ट्रीय कैंसर दिवस जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को कैंसर के कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, रोकथाम और शीघ्र निदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। टीम ने तंबाकू और शराब से बचने और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने पर भी जोर दिया। शिशु संरक्षण दिवस जागरूकता अभियान में बाल स्वास्थ्य और पोषण पर जागरूकता बढ़ाने के लिए शिशु संरक्षण दिवस मनाया गया। पीरामल स्वास्थ्य एमएमयू टीम ने शिशुओं में विशेष रूप से स्तनपान, टीकाकरण, स्वच्छता और प्रारंभिक बीमारी की पहचान पर चर्चा की। राष्ट्रीय कैंसर दिवस और शिशु संरक्षण दिवस जागरूकता कार्यक्रम में 50 से अधिक लाभार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीरामल स्वास्थ्य एमएमयू टीम के डॉक्टर, समन्वयक, फार्मासिस्ट, नर्स, लैब तकनीशियन और पायलट के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित की गयी।

## 'वेलफेयर वॉक - केयर एंड कनेक्ट' का शुभारंभ



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मियों के कल्याण, संवाद और जुड़ाव को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक नयी पहल 'वेलफेयर वॉक - केयर एंड कनेक्ट' का शुभारंभ शुक्रवार 7 नवंबर को सीआरएम-3 विभाग से किया गया। यह अभिनव पहल अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है जिसका उद्देश्य कर्मियों से उनके कार्यस्थल पर प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को समझना, मौजूदा कार्य एवं कल्याण सुविधाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना तथा सुधार की संभावनाओं की पहचान कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है। इस अवसर पर अंजनी कुमार शरण, शालिग्राम सिंह, आरके झा, वीएम बक्शी, बीएन त्रिपाठी, एनके झा तथा रीतिका शुक्ला सहित सीआरएम-3 और एचआर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न शॉप फ्लोर क्षेत्रों का भ्रमण कर कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने कार्यस्थल की परिस्थितियों तथा उपलब्ध कल्याण सुविधाओं का अवलोकन करते हुए उनके बेहतर उपयोग, संवर्धन और नए वेलफेयर उपायों की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित, समावेशी एवं संवेदनशील बनाने केलिए कई उपयोगी सुझाव भी प्राप्त हुए। वेलफेयर वॉक - केयर एंड कनेक्ट बीएसएल की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो यह दर्शाती है कि एक सुरक्षित, सहज एवं समावेशी कार्यस्थल का निर्माण केवल नीतियों से नहीं, बल्कि सतत संवाद, सहभागिता और संवेदनशील दृष्टिकोण से संभव है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

ई0-निविदा आमंत्रण सूचना

ई0-निविदा संख्याः-

$WRD/MID/MEDININAGAR/F_2-14/2025-26$

पत्रांकः- 471 मेदिनीनगर, दिनांकः- 07/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | करवाखाड़ नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड-चैनपुर, जिला-पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 60,41,300=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 17.11.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 01.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 06562-240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651-2214784 |

नोटः- सिर्फ ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :- https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.365479 Minor Irrigation(25-26):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या- $WRD/MID/GARHWA/F_2-11/2025-26$

पत्रांक - 714 गढ़वा/दिनांक - 07/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | झांझी नदी पर एकल चेकडैम का निर्माण ग्राम- खुटिया, पंचायत- खुटिया, प्रखण्ड- धुरकी, जिला-गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 81,11,200.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 17.11.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.12.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 04.12.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 05.12.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोट :- 1. केवल ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 365489 Minor Irrigation (25-26)_D

## टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी बने साइबर ठगी के शिकार

# जालसाजों ने खाते से उड़ाये 55 लाख रुपये

- कई वर्षो से निष्क्रिय था एसबीआइ का बैंक खाता
- निकाली गयी रकम से गहने तक खरीदे गय
- 2001 से 2006 के बीच आसनसोल (दक्षिण) से विधायक रहते इसी खाते में आता था वेतन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के चार बार के सांसद कल्याण बनर्जी के साथ बड़ी साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय करने के बाद उसमें से 55 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाली गयी है। कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गयी है। बैंक की शिकायत के मुताबिक, साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बनर्जी की तस्वीर लगायी गयी थी। इन जाली दस्तावेजों की मदद से अपराधियों ने उनके पुराने खाते की केवाईसी अपडेट कर दी। इसके बाद 28 अक्टूबर को खाते में दर्ज मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, जिससे उन्हें खाते पर पूरा नियंत्रण मिल गया। इसके बाद खाते की जानकारी मिलने के बाद ठगों ने कई ऑनलाइन लेनदेन किये और करीब 56 लाख 39 हजार 767 रुपये इंटरनेट बैंकिंग के जरिए निकाल लिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, निकाली गयी रकम को कई अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया गया, एटीएम से निकाला गया और यहां तक कि गहने खरीदने में भी इस्तेमाल किया गया। कोलकाता पुलिस के साइबर क्राइम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। हम बैंक की आंतरिक प्रक्रियाओं की जांच कर रहे और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि खाते तक पहुंच कैसे बनायी गयी। ठगों और पैसे के अंतिम गंतव्य का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि फर्जी केवाइसी प्रक्रिया के दौरान अपराधियों ने कल्याण बनर्जी की तस्वीर का इस्तेमाल किया। लेकिन मोबाइल नंबर किसी और का लगाया गा था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह खाता कई वर्षों से निष्क्रिय था। इस खाते को तब खोला गया था, जब कल्याण बनर्जी 2001 से 2006 के बीच आसनसोल (दक्षिण) से विधायक थे और विधायक के रूप में उन्हें मिलने वाला वेतन इसी खाते में आता था। उस समय से यह खाता बंद पड़ा था। लेकिन अब इसे फर्जी दस्तावेजों के जरिए दोबार चालू कर धोखाधड़ी की गयी।

# 21 दिन में सोना 10774 रुपये सस्ता

- 10 ग्राम की कीमत 1.20 लाख रुपये हुई
- चांदी भी 24 दिन में 29,825 रुपये गिरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सोने की कीमत 21 दिन में 10,774 रुपये घट कर 1,20,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी है। 17 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,30,874 रुपये के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गयी थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आइबीजेए) के अनुसार 7 नवंबर को सोने की कीमत में 570 रुपये की गिरावट हुई। इससे पहले गुरुवार को इसके दाम 1,20,670 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

## चांदी की कीमत में 33 रुपये बढ़ी

वहीं, चांदी की कीमत में 33 रुपए की मामूली बढ़त देखने को मिली और ये 1,48,010 रुपए प्रति किलो पर आ गई। कल इसकी कीमत ?1,48,242/ˇ थी। 14 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,78,100 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। यानी पिछले 24 दिन में इसकी दाम 29,825 घट चुके हैं। आइबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इन रेट्स का इस्तेमाल फ्ह्रक सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

## सोना-चांदी के दाम में गिरावट के कारण

**भारत में सीजनल बाइंग का खत्म होना:** दीवाली जैसे फेस्टिवल के बाद इंडिया में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। **ग्लोबल टेंशन में कमी:** सोना-चांदी को 'सेफ-हेवन' माना जाता है, यानी मुश्किल वक्त में लोग इन्हें खरीदते हैं। ग्लोबल टेंशन के कम होने से इसमें गिरावट आई है। **प्रॉफिट-टेकिंग और ओवरबॉट सिग्नल:** रैली के बाद निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स दिखा रहे थे कि कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं। इसलिए ट्रेंड फॉलोअर्स और डीलर्स ने बिकवाली शुरू कर दी है।

## एक्ट्रेस-सिंगर सुलक्षणा पंडित का निधन

**मुबई (आजाद सिपाही)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सुलक्षणा पंडित का मुंबई में गुरुवार शाम 7 बजे निधन हो गया। वे 71 साल की थीं। उनका निधन हार्ट अटैक के कारण हुआ। वे काफी समय से बीमार थीं। सुलक्षणा पंडित ने मुंबई के नानावटी अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को विले पारले (मुंबई) के पवन हंस श्मशान घाट में हुआ। आज उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शबाना आजमी और पूनम ढिल्लों जैसे बॉलीवुड सेलेब्स पहुंचे। सुलक्षणा के भाई ललित पंडित ने बताया कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। हम उन्हें नानावटी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया।

प्रो. सुनील मंडल
मंडल बोरवेल्स
बेकोबार, झुमरी तिलैया, कोडरमा
शुद्ध पानी के लिये मशीन द्वारा चापाकल, बोरिंग के लिये सम्पर्क करें-
Contact for : 5"X4.5", 7"X6.5", 8"X6.5"
7762893254, 8789912506

अपोलो हेल्थ केयर
बाजार रोड, डोमचांच
डॉ. अंकित कुमार साहा
(बी.ए.एम.एस., बैंगलोर)
आयुर्वेद जनरल फिजिशियन
नाड़ी परीक्षा, पंचकर्म अग्नि कर्म और विध कर्म विशेषज्ञ
आयुर्वेद पद्धति द्वारा इलाज होता है
संपर्क करें:+91 9611235549
उपलब्ध उपचार : हड्डी रोग, त्वचा रोग, जीवनशैली विकार, स्त्री रोग, पेट का रोग, मूत्र सम्बन्धी समस्या, नसों के रोग

# जेल से निकलने के 44 दिन बाद अखिलेश से मिले आजम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की। मुलाकात के बाद आजम खां ने खुद बताया कि अखिलेश यादव से उनकी किन मुद्दों पर बात हुई। आजम खां 23 महीने बाद 23 सितंबर को सीतापुर जेल से रिहा हुए थे। इसके बाद अखिलेश यादव ने रामपुर जाकर बंद कमरे में आजम से मुलाकात की थी। दो घंटे तक चली इस मुलाकात के बाद आजम खां ने तब कुछ भी नहीं कहा था। अब जेल से निकलने के 44 दिन बाद उन्होंने लखनऊ में अखिलेश यादव से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद आजम खां ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज की हमारी मुलाकात का मकसद ये साबित करना था कि इतनी ऐतिहासिक नाइंसाफी के बाद भी कुछ लोग ऐसे हैं, जो ये साबित कर सकें कि आज के दौर में भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनकी बर्दाश्त करने की क्षमता किसी पत्थर और पहाड़ से कहीं ज्यादा है। मैं यहां पर मेरे साथ, मेरे परिवार के साथ और मेरे शहर के साथ जो कुछ हुआ उसकी दास्तान लेकर आया था। हमारे कई और साथी अभी भी जेलों में हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम जब भी आपस में मिलते हैं तो उन दर्द भरे लम्हों को गवाह बनाते हैं जिन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखें कि किसी के साथ ऐसा भी हुआ था। उन्होंने कहा कि जो मेरे साथ हुआ उससे मीडिया के द्वारा बनाई गई मेरी छवि में भी शायद बदलाव आया है और आप लोग शायद मुझे समझ पा रहे हैं।

वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मुलाकात की तस्वीर एक्स पर पोस्ट की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा कि न जाने कितनी यादें संग ले आये। जब वो आज हमारे घर पर आये! ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है।

इसके पहले आजम खां ने गुरुवार को सपा के कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की थी और कई मुद्दों पर चर्चा की।

# क्रिकेटर शमी की पत्नी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा: क्या हर माह 4 लाख काफी नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगायी है। कोर्ट ने हसीन जहां से कहा- 'क्या 4 लाख की रकम पर्याप्त नहीं है?' कलकत्ता हाईकोर्ट ने शमी को 2.5 लाख बेटी और 1.5 लाख पत्नी को गुजारे भत्ते के रूप में देने का आदेश दिया था। इस पर हसीन जहां ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हसीन जहां ने 4 लाख रुपये को नाकाफी बताते हुए 10 लाख रुपए हर महीने गुजारा भत्ता देने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की थी। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को नोटिस भेजकर चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

इससे पहले कलकाता हाइकोर्ट ने जुलाई में शमी को हसीन जहां और बेटी आयरा को हर महीने 4 लाख रुपए देने का आदेश दिया था। शमी को ये रुपए महीने के मेंटेनेंस के लिए देने के लिए कहा था। शमी के इस केस की सुनवाई 21 अप्रैल, 2025 को हुई थी, जिस पर 1 जुलाई, 2025 को फैसला आया। यह राशि पिछले सात साल से लागू होगी।

## 2014 में हुई थी शादी

शमी और हसीन जहां की शादी 2014 में हुई थी। 2018 में शमी की पत्नी ने क्रिकेटर और उनके परिवार पर हिंसा करने का आरोप लगाया। शादी के करीब एक साल बाद 17 जुलाई, 2015 को दोनों के एक बेटी ने जन्म लिया। शमी को बेटी आयरा के होने के बाद पता चला कि हसीन जहां पहले से शादी-शुदा थी और उसके पहली शादी से दो बच्चे भी थे।

**परिवार के खिलाफ जाकर शमी ने हसीन से निकाह किया :** शमी यूपी के अमरोहा के गांव सहसपुर अली नगर के रहनेवाले हैं। उन्होंने 6 जून 2014 को कोलकाता की हसीन से निकाह किया था। हसीन प्रोफेशनल मॉडल और कोलकाता नाइट राइडर्स की चीयर लीडर थीं। दोनों में जान-पहचान हुई। शमी ने तय किया कि वह हसीन जहां से शादी करेंगे। परिवार को बताया तो उन्होंने इस रिश्ते पर सहमति नहीं जताई। फिर भी दोनों की शादी हुई। हसीन तलाकशुदा थीं। 2002 में उन्होंने बीरभूम जिले के सैफुद्दीन से लव मैरिज की थी।

सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited
प्रशिक्षण क्षेत्र
Seat Limited
1. FASHION DESIGNER:इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN :इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management I
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

# मस्क ने रोबोट के साथ डांस किया

## रोबोट आर्मी बनायेंगे, इससे गरीबी मिटाने का दावा, 1 ट्रिलियन डॉलर वेतन पैकेज मंजूर

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन डीसी।** टेस्ला के शेयरधारकों ने सीईओ इलॉन मस्क के लिए अब तक का सबसे बड़ा वेतन पैकेज शर्तों के साथ मंजूर कर दिया है। यह पैकेज 1 ट्रिलियन डॉलर (लगभग ?83 लाख करोड़) का है। वोटिंग में 75% से ज्यादा शेयरधारकों ने हां कहा, जिसमें मस्क के 15% शेयर्स शामिल नहीं थे। ये पैकेज अब उन्हें दुनिया का पहला ट्रिलियनेयर बना सकता है। वेतन पैकेज मंजूर होने के बाद मस्क ने शेयरधारकों को थैंक किया और स्टेज पर डांस भी किया। उन्होंने कहा कि ये टेस्ला का नया चैप्टर नहीं, बल्कि नई बुक है। इलॉन मस्क का मिला ट्रिलियन डॉलर का पैकेज उन्हें 2018 में मिले 56 बिलियन डॉलर के पैकेज से 16 गुना ज्यादा है। नया पैकेज 10 साल के लिए है।

## सेलफोन से बड़ा प्रोडक्ट होगा ऑप्टिमस रोबोट

रोबोट्स पर बात करते हुए मस्क ने कहा कि ये सबसे बड़ा प्रोडक्ट होगा, सेल फोन्स से भी बड़ा... हर इंसान को अपना पर्सनल रोबोट चाहिए होगा। ऑप्टिमस टेस्ला का ह्यूमनॉइड रोबोट है, जो 2021 में अनाउंस हुआ और 2022 में पहला प्रोटोटाइप दिखाया गया। इसका मकसद फैक्ट्री वर्क, घरेलू काम या वो जॉब्स करना है जो इंसान नहीं करना चाहते। टेस्ला का फोकस अब रोबोट और ऑटोनॉमस कार्स पर ही है।

**ऑप्टिमस रोबोट से गरीबी मिटाने का दावा किया था :** बीते दिनों उन्होंने टेस्ला के तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान उनके ऑप्टिमस रोबोट की मदद से गरीबी मिटाने का दावा किया। उन्होंने कहा- ये गरीबी को खत्म करने और एडवांस्ड हेल्थकेयर को सबके लिए आसानी से उपलब्ध बनाने में बड़ा रोल निभा सकता है। रोबोट्स और ऑटोमेशन इंसानों के कंधों से मेहनत का बोझ हटा लेंगे, ताकि समाज हाई-वैल्यू वाले कामों पर ध्यान दे सके। मस्क ने कहा कि ऑप्टिमस एक दिन कमाल का सर्जन बन सकता है, और ये उनकी लॉन्ग-टर्म सोच का हिस्सा है। मस्क ने कहा भले ही ये दावे अभी सिर्फ कल्पना ही लगते हैं, लेकिन ये बातें दिखाती हैं कि टेस्ला इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के बाद रोबोटिक्स को अपना अगला बड़ा प्रोडक्ट बना रही है।



### तीन शर्तों को पूरा करने पर मिलेगा पैकेज

1 ट्रिलियन डॉलर का कंपनसेशन एग्रीमेंट 10 साल का प्लान है, जिसमें मस्क को 12 हिस्सों में स्टॉक ऑप्शन्स मिलेंगे। फुल पेमेंट पाने के लिए कुछ बेंचमार्क पूरे करने पड़ेंगे। कंपनी का मार्केट कैप 8.5 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 750 लाख करोड़ रुपये हो जाना। फुल सेल्फ-ड्राइविंग सॉफ्टवेयर के 1 करोड़ पेड सब्सक्रिप्शन हासिल करना। 10 लाख ह्यूमनॉइड रोबोट्स बेचना। 18 महीनों में इसके प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है। टेस्ला की करंट वैल्यू 1.40 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 124 लाख करोड़ रुपए है। पैकेज के लिए 466% ग्रोथ की जरूरत है, जो एनवीडिया के $5 ट्रिलियन की रिकॉर्ड वैल्यू से भी आगे है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर एक दिन में 300 फ्लाइट लेट

- ऑटोमैटिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी
- भोपाल, चंडीगढ़, अहमदाबाद में भी डिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 300 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई। एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी की वजह से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स यानी एटीसी को फ्लाइट्स का शेड्यूल नहीं मिल पा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि एटीसी के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम में गड़बड़ी आयी है। यह प्लेन के शेड्यूल यानी टेकऑफ और लैंडिंग की जानकारी देता है। एटीसी अधिकारी पहले से मौजूद डेटा के मुताबिक मैन्युअली फ्लाइट शेड्यूल तैयार कर रहे हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट लेट होने का असर बाकी एयरपोर्ट्स पर भी दिखा। दिल्ली से वहां आने-जाने वाली फ्लाइट भी लेट हुईं। हालात कब तक सामान्य होंगे, अभी इस बारे में दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कोई जानकारी नहीं दी है।

**फ्लाइट ट्रैकिंग पोर्टल पर दिल्ली के आसमान की तस्वीर :** उड़ानों के रूट को ट्रैक करने वाले पोर्टल 'फ्लाइट अवेयर' ने दिल्ली के आसमान में मंडरा रहे प्लेन्स की लोकेशन को ग्राफिक के जरिए दिखाया है। इसमें कई फ्लाइट्स को एक ही जगह चक्कर लगाते देखा जा सकता है। गुरुवार शाम से ही एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी थी। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को 513 फ्लाइट्स देरी से रवाना हो सकी थीं।

**यात्री परेशान:** चेक-इन, गेट पर इंतजार, बोर्डिंग लेट, कनेक्शन फ्लाइट छूटने का खतरा बढ़ गया।

**ऑपरेशन प्रभावित:** दिल्ली एयरपोर्ट में रोजाना 1,500 से अधिक फ्लाइट आती-जाती हैं। इससे एयरलाइन और एयरपोर्ट के कामकाज में देरी हुई।

**बाकी एयरपोर्ट्स पर असर:** दिल्ली के अलावा बेतिया, लखनऊ, जयपुर, चंडीगढ़ जैसे एयरपोर्ट्स पर भी असर देखा गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**